● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 208, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार, 10 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



एनएसए अजीत डोभाल जायेंगे रूस 5

पहले टेस्ट के लिए पंत और राहुल की वापसी 6

## पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा बुंदेलखण्ड : डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुंदेलखण्ड, पंजाब और हरियाणा को विकास में पीछे छोड़ेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पराक्रम और शौर्य की धरती बुदेलखंड के लिए विकास का बहुत बड़ा निर्णय लेकर केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की सौगात दी है। बुंदेलखण्ड में आईटी पार्क बनाया जाएगा। विकास का कारवां अब बुंदेलखण्ड और मध्यप्रदेश की धरती से होकर गुजरेगा। मध्यप्रदेश में नए जिलों और संभागों के गठन के लिए म.प्र. प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग सुझाव प्राप्त कर प्रतिवेदन देगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 22 हजार से अधिक थानों की सीमा बदलने का कार्य किया गया। आमजन की सुविधा के लिए बीना सहित अन्य नए जिले और संभाग बनाने की दिशा में कार्यवाही परिसीमन आयोग की अनुशंसा अनुसार की जाएगी। सागर में इसी माह रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में देश भर के उद्योगपति आएंगे। प्रदेश में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य किये जा रहे है। कार्यक्रम में मंत्रीगण, सांसद, विधायक और जन-प्रतिनिधियों के साथ आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज सागर जिले के बीना में लाड़ली बहना योजना की हितग्राही बहनों के खाते में 1574 करोड़ रुपए, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332. 43 करोड़ रुपए की राशि के अंतरण एवं विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को मंत्री श्री गोविन्द सिंह, पूर्व मंत्री श्री गोपाल भार्गव, सांसद श्रीमती लता वानखेड़े एवं बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीना में आम जनता की सुविधा के लिए एडीएम और एडीशनल एस.पी अपने कार्यालयों में रहेंगे। निकट स्थित प्राचीन नगर एरण में संस्कृति विभाग की ओर से एरण उत्सव का आयोजन किया जाएगा। लघु एवं वृहद उद्योगों के माध्यम से इस अंचल के युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। नए उद्योग शुरू होने से लोगों को रोजगार मिलेंगे और पलायन जैसी स्थितियां नहीं बनेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नया आईटीआई प्रारंभ करने सहित अनेक नए कार्यों के लिए घोषणा की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा परियोजना के साथ ही बीना परियोजना इस क्षेत्र का नक्शा बदल देगी। समृद्धि का लाभ नागरिकों को मिलेगा। बीना सिंचाई परियोजना से वंचित शेष गाँव को जोड़ा जायेगा। क्षेत्र में अनेक नई सड़कें भी बनाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समय बदला है। हमारा मध्यप्रदेश पीछे नहीं रहेगा। हमारा प्रदेश देश का नम्बर वन राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हाल ही में इंदौर-मनमाड़ रेल लाइन मंजूर की गई है, इससे मध्यप्रदेश के निमाड़ और मालवा अंचल ही नहीं बल्कि चंबल क्षेत्र और अन्य इलाकों से बंदरगाहों तक सीधे माल पहुंचाने का नेटवर्क बनेगा। नई रेल लाइन और औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों से मध्यप्रदेश में विकास के नए दरवाजे खुलेंगे। प्रत्येक संभाग में उद्योगों का विकास किया जा रहा है। युवाओं की क्षमता का उपयोग प्रदेश के हित में होगा। सागर में भी इसी माह रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रही है। सागर, इंदौर और भोपाल से विकास में पीछे नहीं रहेगा।

## जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर कर घटाया

### वित्त मंत्री बोलीं-ऑनलाइन गेमिंग से राजस्व 412 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कैंसर की दवाओं व नमकीन पर जीएसटी दर घटाने का एलान किया। वित्त मंत्री सीतारमण ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद ने बैठक के दौरान कई फैसले लिए। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकारी संबद्ध शैक्षणिक संस्थानों को जीएसटी से छूट देने का भी फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कैंसर की दवाओं पर भी जीएसटी घटाया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि नमकीन पर जीएसटी दर भी संभावित रूप से कम की गई। वित्त मंत्री ने यह भी बताया कि वाणिज्यिक संपत्तियों को किराए पर देने को रिवर्स चार्ज मैकेनिज्म के तहत लाया गया जाएगा।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी को 12% से घटाकर 5% करने का उद्देश्य कैंसर के इलाज की कुल लागत को और कम करना है। जीएसटी परिषद ने चुनिंदा नमकीन पर कर को 18% से घटाकर 12% करने का फैसला किया है। सीतारमण के मुताबिक, छह महीने में ऑनलाइन गेमिंग रेवेन्यू 412% बढ़कर 6,909 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि दरों को तर्कसंगत बनाने पर जीओएम को स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी थी। दो स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं जिसमें एक रियल एस्टेट पर और दूसरी दरों के युक्तिकरण से जुड़ी थी। वित्त मंत्री ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो की भी स्थिति भी परिषद् की बैठक के दौरान पेश की गई। उन्होंने कहा कि कसीनो राजस्व में 30% की वृद्धि हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य बीमा पर मंत्री समूह अक्तूबर के अंत तक रिपोर्ट पेश करेगा। कयास लग रहे थे कि जीएसटी परिषद की बैठक के दौरान स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी हटाने का फैसला नहीं हुआ है। हालांकि, फिलहाल यह फैसला टल गया है।

## संचालनालय के बाहर अतिथि शिक्षकों ने किया हंगामा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में अतिथि शिक्षकों के भर्ती का मामला गरमाता जा रहा है। सोमवार को अचानक बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक लोक शिक्षण संचालनालय यानी डीपीआई पहुंच गए और अपनी परेशानी को लेकर हंगामा कर दिया। शैक्षणिक सत्र शुरु हुए ढाई महीने का समय बीत चुका है। तिमाहीं परीक्षा सिर पर है और विभाग अभी तक अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति नहीं कर सका है।अतिथियों के डीपीआई पहुंचने पर मौजूद गार्ड ने चैनल गेट लगा दिया। जिसके बाद अतिथि शिक्षकों ने हंगामा कर दिया। अतिथि शिक्षक अधिकारियों से मिलने की बात पर अड़े रहे लेकिन अधिकारी सुनने को तैयार नहीं थे। जब अतिथियों को डीपीआई के अंदर नहीं जाने दिया तो एक अतिथि शिक्षक ने दुखी होकर अपनी डिग्री जमीन पर फेंक दी और वहीं बैठ गया।



मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग में इस वर्ष 30 फ़ीसदी से कम रिजल्ट देने वाले अतिथि शिक्षकों को अपात्र घोषित कर दिया है। दरअसल बीते शैक्षणिक सत्र जिन अतिथि शिक्षकों ने बोर्ड क्लास में 30% भी रिजल्ट नहीं दिया है, विभाग ने उन्हें ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इस वजह से 15 हजार अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गए हैं। अतिथि शिक्षकों का कहना है कि 10 साल से स्कूलों में पढ़ने के बाद आप उन्हें बेरोजगार किया जा रहा है। डीपीआई पहुंचे इन अतिथियों की मांग है कि ये नियम गलत है।

## एलओसी पर घुसपैठ कर रहे 2 आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में लाइन ऑफ कंट्रोल पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकवादियों को सेना ने मार गिराया। टेररिस्ट रविवार (8 सितंबर) की देर रात सीमा पार करने की कोशिश कर रहे थे। व्हाइट नाइट कॉर्प्स के मुताबिक सेना की तलाशी अभियान में एक और एम 4 राइफल बरामद हुआ है। सर्च ऑपरेशन में अब तक 2 एके-47, 1 एम-4 राइफल, 1 पिस्तौल, 8 ग्रेनेड, गोला-बारूद, समेत की सामान बरामद किया जा चुका है।

## विक्टिम के पेरेंट्स को पैसे ऑफर नहीं किए : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हमने मृतक ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता को कभी पैसा ऑफर नहीं किया। हमने सिर्फ उन्हें ये कहा था कि अगर वे अपनी बेटी की याद में कुछ करवाना चाहते हैं, तो हमारी सरकार उनके साथ है।

स्टेट सेक्रेट्रिएट नबन्ना में रिव्यू मीटिंग के दौरान ममता ने यह भी कहा कि विरोध प्रदर्शनों के चलते कोलकाता के कमिश्नर विनीत गोयल ने इस्तीफा देने की पेशकश की थी, लेकिन हमें कोई चाहिए जो दुर्गा पूजा को लेकर कानून-व्यवस्था संभालना जानता हो।



दरअसल, रेप विक्टिम ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने कोलकाता पुलिस पर आरोप लगाया था कि उन्होंने बेटी का शव सौंपते वक्त उन्हें पैसा ऑफर किया था और कहा था कि हमने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है। वहीं, प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने पुलिस पर सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर के इस्तीफे की मांग की थी। पुलिस शुरुआत से ही इस केस को दबाने की कोशिश कर रही है। डेडबॉडी को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने तक हमें पुलिस स्टेशन में इंतजार करना पड़ा। बाद में, जब बेटी का शव हमें सौंपा गया तो एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने हमें पैसे देने की पेशकश की। जब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ, 300-400 पुलिस वालों ने हमें घेर रखा था, लेकिन अंतिम संस्कार हो जाने के बाद वहां एक भी पुलिस वाला नहीं दिखा। परिवार क्या करेगा, कैसे घर जाएगा, पुलिस ने कोई जिम्मेदारी नहीं ली।

## 8 साल बाद खुलेगी जज की पत्नी की संदिग्ध मौत की फाइल

**दंतेवाड़ा।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में उच्च न्यायिक सेवा के जज की पत्नी की आठ वर्ष पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने महिला की मां और भाई की याचिका पर सीबीआई को जल्दी रिपोर्ट दाखिल करने कहा है। 15 मई 2016 को जिला व सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा के तत्कालीन एडीजे मानवेंद्र सिंह की पत्नी रंजना दीवान सिंह (37) ने कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

## मणिपुर में राज्यपाल के घर पर पथराव

**इंफाल।** मणिपुर में राज्यपाल और डीजीपी के इस्तीफे की मांग कर रहे स्टूडेंट्स का प्रदर्शन सोमवार को हिंसक हो गया। सैकड़ों की संख्या में छात्रों ने राजभवन के मुख्य दरवाजे पर पत्थर फेंके। इस दौरान मौजूद सुरक्षाकर्मी अपनी जान बचाकर वहां से भागते दिखे। इस हमले में 20 लोग जख्मी हुए हैं।

राज्य में बढ़ती हिंसक घटनाओं और बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर 8 सितंबर से ही छात्र सड़कों पर हैं। रविवार को किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और सीएम हाउस तक पहुंच गए।

पुलिस और सुरक्षाबलों ने उन्हें बैरिकेड लगाकर रोका। कई राउंड आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा- ड्रोन हमलों को रोकने में सरकार और पुलिस विफल रही है। प्रदर्शनकारी राज्यपाल के अलावा डीजीपी सुरक्षा सलाहकार और 50 विधायकों के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।

मणिपुर में मई 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। बीते 7 दिनों से हिंसा बढ़ गई है। इसमें 8 लोगों की मौत हुई है। 15 से ज्यादा घायल हैं। हाल ही में मणिपुर में ड्रोन से भी हमले हुए हैं।

## सूरत में गणेश पंडाल पर पथराव, जमकर हुई हिंसा

### सुबह आरोपियों के अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर, अब तक 33 गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात में सूरत के सैयदपुरा मोहल्ले में रविवार रात गणेश पंडाल पर पथराव करने वाले आरोपियों के खिलाफ सरकार ने कार्रवाई शुरु कर दी है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे इलाके में कई आरोपियों के अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलवा दिया गया।

बता दें, रविवार देर रात 6 युवकों ने पंडाल पर पथराव किया था। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद आरोपियों के घरवाले सैकड़ों लोगों के साथ प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया। इलाके में देर रात तक जमकर हिंसा हुई। पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इस मामले में 28 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

सोमवार सुबह से स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस की मौजूदगी में सुबह की आरती भी की गई। इलाके में करीब एक हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गिरफ्तार किए गए सभी लोग दूसरे धर्म के हैं। इनमें 2 नाबालिग भी हैं। घटना के बारे में बताया गया है कि सैयदपुरा इलाके में वरियावी चा राजा के नाम से मशहूर गणेश प्रतिमा पर 6 युवकों ने पत्थर फेंके। इनमें से 4 वयस्क और 2 नाबालिग हैं। आरोपी एक टेम्पो में सवार होकर आए थे। पथराव के आरोपी भागने लगे, लेकिन आयोजकों ने सभी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इसके बाद आरोपियों के परिवार और उनके इलाके के 200 से ज्यादा लोग पुलिस थाने पहुंच गए। इसी दौरान दोनों पक्षों में पथराव शुरू हो गया। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया और 10 से ज्यादा आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस थाने से लगी गली से ही हुआ था पथराव जिस गणेश पंडाल में पथराव की यह घटना हुई, वहां से पुलिस चौकी मात्र 100 मीटर ही दूर है। पुलिस चौकी के चारों ओर एक मुख्य सड़क और फिर अगल-बगल छह अन्य गलियां हैं। रात के करीब 10.30 बजे पुलिस थाने की एक गली से पथराव शुरू हुआ और इसके बाद तीन गलियों से पथराव होने लगा था। सूचना मिलते ही सूरत पुलिस की क्राइम ब्रांच, एसओजी, पीसीबी समेत सभी एजेंसियों के पुलिसकर्मी सैयदपुरा पहुंच गए थे।

## ड्यूटी पर तुरंत लौटें डॉक्टर : सुको

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर केस में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की बेंच ने तीन मुद्दों - सीबीआई जांच रिपोर्ट, डॉक्टरों की हड़ताल और सीआईएसएफ जवानों की सुविधाओं पर सुनवाई की।

सीबीआई की स्टेटस रिपोर्ट में कई बातें सामने आईं। कोर्ट ने कहा कि, एफआईआर में 14 घंटे की देरी हुई है। वहीं कुछ जरूरी दस्तावेज भी गायब हैं। ऐसे में मामला गड़बड़ लगता है। कोर्ट ने राज्य सरकार को मिसिंग डॉक्यूमेंट कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। वहीं हड़ताल को लेकर कोर्ट ने डॉक्टरों से तुरंत काम पर लौटने को कहा है। सीजेआई ने कहा, अगर मंगलवार शाम 5 बजे तक डॉक्टर ड्यूटी पर नहीं लौटें तो उनके खिलाफ राज्य सरकार को कार्रवाई करने से नहीं रोका जा सकता। डॉक्टरों का पेशा ही मरीजों की सेवा करना है।

उधर सीआईएसएफ जवानों की सुविधाओं पर कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव को आदेश दिया कि सभी जवानों को रहने के लिए घर मुहैया कराया जाए। ये जवान अस्पताल की सुरक्षा के लिए आए हैं।

## एमपी-राजस्थान में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने सोमवार (9 सितंबर) के लिए 21 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। राजस्थान मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में बहुत भारी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून ट्रफ लाइन राजस्थान से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही है। यह मध्य प्रदेश के दमोह जिले से होते हुए गुजर रही है। इससे लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। इसके चलते 9-10 सितंबर को इस लाइन में आने वाले एमपी के कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। 11 सितंबर से पूरे प्रदेश बारिश की संभावना है। रविवार को उत्तर प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 9 लोगों की मौत हुई। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा में रविवार को बिजली गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई।

## सब कुछ मेड इन चाइना इसलिए भारत में रोजगार की दिक्कत : राहुल



**टेक्सास।** राहुल गांधी विपक्ष के नेता के तौर पर पहली बार विदेश दौरे पर हैं। वे रविवार को अमेरिका के टेक्सास राज्य पहुंचे। यहां उन्होंने 2 कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। पहले उन्होंने डलास में भारतीय समुदाय के लोगों से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने सोमवार को यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारतीय राजनीति, इकोनॉमी और भारत जोड़ो यात्रा समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। राहुल ने कहा, भारत में सब मेड इन चाइना है। चीन ने प्रोडक्शन पर ध्यान दिया है इसलिए चीन में रोजगार की दिक्कतें नहीं हैं। कार्यक्रम में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने कहा, राहुल गांधी पप्पू नहीं है, वे पढ़े-लिखे हैं और किसी भी मुद्दे पर गहरी सोच रखने वाले स्ट्रैटजिस्ट हैं।

कार्यक्रम में राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता के तौर पर जिम्मेदारी, भारत के आर्थिक हालात, रोजगार समेत 6 मुद्दों पर अपनी राय रखी। विपक्ष में अपने रोल पर...मेरा काम राजनीति में प्रेम लाना मेरा रोल संसद में सरकार के खिलाफ बोलना और उन्हें तानाशाह बनने से रोकने तक सीमित नहीं है। मुझे लगता है कि मेरा रोल भारत की राजनीति में प्यार, सम्मान और विनम्रता लाना है। प्यार और सम्मान सिर्फ ताकतवर लोगों के लिए नहीं, बल्कि उन सबके लिए जो देश को बनाने में जुटे हैं।

## राम मंदिर आंदोलन आजादी की लड़ाई से कम नहीं था : चंपत राय

**इंदौर।** रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि राम मंदिर आंदोलन आजादी की लड़ाई से कम नहीं था। राय ने कहा अयोध्या में राम मंदिर को तोड़ कर इस देश और हिंदू समाज का अपमान किया गया। फिर से मंदिर बनाना हमारी अस्मिता से जुड़ा था, क्योंकि गुलामी की निशानियां चिपका कर नहीं रखी जाती है। यह लड़ाई देश हित के लिए की गई। राम मंदिर फिर से बनाना हिंदुस्तान की मूंछ का सवाल था। राम मंदिर हिंदुस्तान के अपमान का परिमार्जन है। राय ने कहा कि दस करोड़ लोगों से 2800 करोड़ रुपए इस मंदिर के लिए दिए। मंदिर के लिए समाज ने खून पसीने की कमाई दी है। हमने हर प्रकार के टैक्स दिए। कोई कर चोरी नहीं की।




राय ने कहा कि 60 के दशक में समाज में संघ के प्रति आकर्षण नही था। आरोप-प्रत्यारोप भी चलते रहते थे। हमने उस माहौल में काम किया। जो गीत हम शाखा में गाते है, वे सच हो रहे है।अब संघ के प्रति समाज की सोच बदली है। हमने पुराने लोगों से सुना कि संघ का प्रचारक देश को राज्यों में नहीं देखता। वो संपूर्ण भारत की सोच रखता है। किसी भी हिस्से में वो काम करने के लिए तैयार रहता है।

उन्होंने कहा कि हजारों संतों ने राम मंदिर के प्रति जागरण किया। ये किसी एक व्यक्ति से संभव नहीं है। 500 साल में कितने लोगों का जीवन गया, ये कोई नहीं जानता। राम का मन्दिर तोड़ना राष्ट्र,समाज का अपमान था। देश की तुलना सोते शेर से को गई है। साधु संतों ने इस शेर को जगाया और एकजुट किया।

राय ने मंदिर निर्माण की योजना के बारे में बताया कि मंदिर में लोहे सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया। तीन मंजिला मंदिर 400 खंबों पर खड़ा है। पत्थरों को जोड़ने के लिए तांबे का उपयोग किया गया। एक-एक पत्थर को परखा गया कि कही किसी पत्थर में दरार तो नहीं है। राय ने कहा कि उपरी मंजिल बनने के बाद उसमें राम दरबार लगेगा। मंदिर के चारों और परकोटा बन रहा है। उस परोकोट में छह मंदिर बनेंगे।लक्ष्मण जी का भी एक मंदिर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 70 एकड़ जमीन में 50 एकड़ जमीन में सिर्फ पौधे लगाए जा रहे है। पर्यावरण का विचार भी मंदिर में निहित है। 25 लाख घन फुट पत्थर इस मंदिर निर्माण में लग रहा है।

# सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकयतों का करे निराकरण : कलेक्टर

## संबल योजना के पात्र हितग्राही जिनका पंजीयन नही किया गया है उनका किया जाये पंजीयन

**सिंगरौली।** सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों का जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा निराकरण नही कराया जा रहा है यह अत्यन्त ही खेदजनक है। जिसके कारण जिले की ग्रेडिग प्रभावित हो रही है जिन अधिकारियो के विभागो के में सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो का लक्ष्य के अनुसार निराकरण नही किया गया है वे एक संप्ताह में शिकायतो का निराकरण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उक्त आशय का निर्देश समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा विभागीय अधिकारियो को दिया गया।



कलेक्टर ने 50 दिवसए 100 दिवस एवं 300 दिवस से लंबित शिकायतो के निराकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी लंबित शिकायतो का संतुष्टि पूर्वक निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही पीएम जन मन योजना के तहत आयोजित किये जा रहे आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, ई केवाइसी का कार्य शिविर के दौरान शत- प्रतिशत निराकरण करें। कार्य में प्रगति लाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि निराश्रित पशुओं को लगातार अभियान चलाकर गौ शालो में भेजे जाने की कार्यवाही करे। कलेक्टर ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि समय पर राशन की दुकानो से खाद्यान का वितरण सुनिश्चित कराये। साथ ही राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को निर्धारित समय पर राशन को वितरण किया जाये यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने उपखण्ड अधिकारियो सहित राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिये कि मतदाता सूची जो सुधार कार्य किया जा रहा है, सभी बीएलओ अपने अपने क्षेत्र में पहुंचकर मतदाता सूची का कार्य करें। साथ ही निर्धारित समय पर मतदाता सूची का पूर्ण किया जाये। इसके लिए उपखण्ड अधिकारी अपने स्तर से मानीटरिंग करते रहे। कलेक्टर ने मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि चिकित्सालयो में सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित जो निर्देश दिये गये साथ समिति गठित की गई है उसके तहत पूर्ण रूप से व्यवस्था चाक चौबंद रखे।

### इनकी रही उपस्थिति

बैठक के दौरान जिपं सीईओ गजेन्द सिंह नागेश, अपर कलेक्टर अरविंद झा, पीके सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा राजेश शुक्ला नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, तहसीलदार रमेश कोल, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, सीएमएचओ एनके जैन उप सचालक कृषि आशीष पाण्डेय जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी पीसी चन्द्रवंशी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा आयोजित प्रथम जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न

**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व के तहत पहली बार जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन बीते 8 सितम्बर को किया। यह महत्वपूर्ण आयोजन सोनभद्र जिले के टेबल टेनिस एसोशिएशन के सहयोग से स्थानीय मनोरंजन केंद्र शक्तिनगर में आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने की। इस प्रतियोगिता में सिंगरौली परियोजना के आसपास के क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया जिनमें एनसीएल खड़िया, जयंत अनपरा, ओबरा और रेनूकूट के खिलाड़ी शामिल थे। प्रतियोगिता को कुल 8 श्रेणियों में विभाजित किया गयारू अंडर 13, 15, 17, और 19 के बॉयज ग्रुपमेन्स ग्रुप, वेटेरन्स ग्रुप, अंडर 15 गर्ल्स और वुमेन्स ग्रुप।



इस टूर्नामेंट में कुल 150 प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी दर्ज की। कार्यक्रम के समापन पर सभी विजेताओं को सम्मानित करने का कार्य ए एस भोगल, महाप्रबंधक, ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस, एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों और उपस्थित गणमान्य जनों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में एनटीपीसी सिंगरौली के सभी विभाग के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्रबन्धक, कर्मचारी गण, यूनियन एवं एसोशिएशन के मानद प्रतिनिधिगण स्थानीय बच्चे व उनके अभिभावक आदि उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में धूमधाम से मनाई गई श्री गणेश चतुर्थी



**सिंगरौली।** एनटीपीसी सिंगरौली ने श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर भव्य आयोजन किया। जिसमें श्रद्धा और उल्लास के साथ विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की पूजा की गई। इस विशेष अवसर पर पूजा का आयोजन राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली और श्रीमती पीयूषा अकोटकर अध्यक्षा वनिता समाज शक्तिनगर द्वारा किया गया। इस भव्य समारोह में एनटीपीसी शक्तिनगर के निवासियों ने श्रद्धापूर्वक बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं और बाल भवन के बच्चों द्वारा अद्भुत नृत्य प्रस्तुति के साथ हुई। जिन्होंने श्री गणेश वंदना पर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इसके बाद साहिल मिश्र ने श्री गणेश जी की संगीतमय स्तुति प्रस्तुत कर सभी भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर ने सभी श्रद्धालुओं का दिल से स्वागत किया और मंगलमूर्ति श्री गणेश जी से सभी के अच्छे स्वास्थ्य और भविष्य के उज्जवलता की कामना की।

# भू माफिया के खिलाफ आवेदन लेकर पहुंची पीड़िता को जियावन थाने से नहीं दी गई पावती

## सिहावल विधायक के पत्र को थाना प्रभारी ने किया नजर अंदाज

**सिंगरौली।** देवसर निवासी भगवान दास पटवा के ऊपर इन दिनों एक और गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं वरगवां निवासी एक पीड़िता ने भू माफिया भगवान दास पटवा के खिलाफ सोमवार को जियावन थाने में एक आवेदन लेकर पहुंची थाना प्रभारी ने आवेदन देखने के बाद पीड़िता को आवेदन की पावती नहीं दिलवाई गई साथ ही शिकायत ना कर समझौता करने की बात कहने लगे तथा पीड़िता को थाने से वापस कर दिया गया जबकि उक्त शिकायत पत्र में सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने थाना प्रभारी को विवेचना कर उचित कार्यवाही करने का लिखित निर्देश दिया है फिर भी थाना प्रभारी ने सिहावल विधायक के निर्देश की अवहेलना करते हुए पीड़िता को पावती तक नहीं दी गई। सिहावल विधायक से



पत्र जारी करा कर जियावन थाने पहुंची पीड़िता कर्तुलिया नामदेव पति रामसजीवन ग्राम-कनई बरगवॉ सिंगरौली (म.प्र.)ने बताया की उसकी ग्राम खोभा तह देवसर स्थित पुस्तैनी भूमि को आरोपी भगवान दास पटवा ग्राम नौढिया देवसर अपनी पत्नी प्रेमिया पति भगवानदास पटवा के नाम छल कपट पूर्वक रजिस्ट्री करा लिया था

पीड़िता ने बताया कि मेरी पुस्तैनी भूमि ग्राम खोभा में थी, जहां वे अपने पति बच्चों के साथ रहती थी। आरोपी भगवानदास पटवा उसके घर जाकर पति से जमीन की माँग करने लगा इसके बाद उसको 38 ढिस्मिल जमीन पीछे साइड में देने को राजी हो गई, किन्तु छलकपट पूर्वक मेरी पूरी जमीन की रजिस्ट्र करा लिया, रजिस्ट्री में चेक क्रमांक डाल दिया और 12 (बारह) लाख रूपये अंकित कर दिया, न हमको पैसा मिला न चेक मिला, हम लोग जब उसके यहां पैसा माँगने जाते थे, तो 1000 (एक हजार) रु0 या 500 (पॉच सौ) रु0 दे के बोलता था कि तुम्हारा पैसा खाता में चला जायेगा, यही करते लगभग तीन साल का समय गुजर गया, मेरे पति इसी सदमें के कारण स्वर्गवासी हो गए। पीड़िता ने बताया कि भगवानदास पटवा एवं उसके घर के लोग मेरे मोबाइलन को ब्लैक-लिस्ट कर दिये मुझसे बात भी नहीं करते, पैसा माँगने जाती हूँ तो धमकी देते है, मैं गरीब, असहाय हूँ मेरे परिवार का भरण-पोषण करने वाला कोई नहीं है। इधर भगवान दास पटवा जमीन की रजिस्ट्री धोखाधड़ी कर कर ली और पैसा मांगने पर गोल मटोल जवाब देकर वापस कर दिया जाता है साथ ही धमकी भी दी जाती है

पीड़िता ने इस संबंध की जांच कर न्याय की गुहार लगाई है इसी उद्देश्य से जियावन थाने में आवेदन लेकर पहुंची थी लेकिन थाना प्रभारी ने बिना पावती दिए ही वापस कर दिया साथ ही भू माफिया भगवान दास पटवा के खिलाफ शिकायत न करने की बात कहते हुए समझौता करने की बात कहने लगे जबकि भू माफिया के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर उचित कार्यवाही करना चाहिए लेकिन प्रशासनिक उदासीनता की वजह से भू माफिया खुलेआम घूम रहा है और पीड़िता दर-दर की ठोकरे खा रही है।

# रेत माफियाओं के खिलाफ खनिज विभाग की कार्यवाही, अवैध परिवहन में लगे आठ वाहन जब्त

**सिंगरौली।** खनिज विभाग ने अवैध उत्खनन,परिवहन व भण्डारण में लगे आठ वाहनो को जब्त करते हुए कार्यवाही किया है। यह कार्यवाही कलेक्टर चंन्द्रशेखर शुक्ला व पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निदेशन में जिला खनिज अधिकारी एके राय के मार्गदर्शन में 8 सितंबर को खनिज विभाग में पदस्थ सहायक खनिज अधिकारी डॉ.विद्याकांत तिवारी, कपिल मुनि शुक्ला,थाना प्रभारी कोतवाली अशोक सिंह परिहार, एएसआइ अमित द्विवेदी,राजेश शुक्ला,अरविंद द्विवेदी,संजीत सिंह एवं खनिज सर्वेयर मुनेन्द्र सिंह द्वारा खनिजो के अवैध उत्खन, परिवहन एवं भण्डारण की रोकथाम के लिए जांच के दौरान गनियारी पेट्रोल पंप के सामने हाइवा क्रमांक सीजी 15इए0832 को रात्रि लगभग 10 बजे एवं एक ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66जेडसी3424 को डीएव्ही स्कूल बैढ़न के पास से खनिज रेत अनाधिकृत रुप से परिवहन करते पाए जाने पर जब्त कर कोतवाली में खड़ा कराया गया। वहीं 9 सितंबर को सुबह एमपीईबी रोड पचखोरा से डम्फर क्रमांक यूपी64डी8355 को खनिज रेत का अनिधिकृत रुप से परिवहन करते हुए पाए



जाने पर जब्त कर कोतवाली में खड़ा कराया गया। वहीं पचखोरा क्षेत्र का भ्रमण व जांच के दौरान ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66ए1238, एमपी 66 ए3438,बिना नंबर का सोनालिका ट्रैक्टर एवं दो नग बिना नंबर का स्वराज ट्रैक्टर खनिज मिट्टी का अवैध रुप से उत्खनन कर विक्रय के लिए परिवहन करते हुए जिला शिक्षा कार्यालय के पास पचखोरा रोड में पाए जाने पर जब्त कर कोतवाली में खड़ा कराया गया। उपरोक्त जब्तशुदा वाहन कुल आठ नग वाहनो के विरुद्ध खनिज नियमो के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत कार्यवाही के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त कार्यवाही में सैनिक रामाकांत तिवारी, बृजेन्द्र कुमार पाण्डेय, कृष्ण कुमार योगी व गजानंद की भूमिका रही।

## भारतीय मजदूर संघ सिंगरौली की बैठक संपन्न

**सिंगरौली।** भारतीय मजदूर संघ जिला सिंगरौली का दो वार्षिक अधिवेशन सोमवार को अमलोरी कल्याण मंडप में संपन्न हुआ। मंच पर विराजमान अखिल भारतीय सदस्य संध्या मिश्रा,प्रदेश कार्य समिति सदस्य डीपी द्विवेदी, विभाग प्रमुख रमन चौकीकर, जिला अध्यक्ष विद्याधर जायसवाल , जिला मंत्री रणजीत सिंह चंदेल ,सहसंचालक अनिल झा ,महामंत्री राजकुमार सिंह एवं भारतीय मजदूर संघ के सदस्य लगभग 300 की उपस्थिति रही । भारतीय मजदूर संघ के रीति नीति को पालन करते हुए जिला अध्यक्ष विद्याधर जयसवाल के द्वारा पुरानी टीम को भंग किया।

# गुमशुदा नाबालिक को पुलिस ने दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी मोरवा केके पांडेय के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी बरगवा निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा की सतत निगरानी में बरगवा पुलिस ने एक नाबालिक गुमशुदा को दस्तयाब कर सकुशल उसे परिजनों को सौंपा है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक



डगा गांव निवासी ललन कुमार साकेत पिता छोटेलाल साकेत उम्र 14 वर्ष निवासी ग्राम डगा थाना बरगवा जिला सिंगरौली बिना बताए घर से अचानक लापता हो गया था। परेशान परिजनों ने इसकी सूचना बरगवा पुलिस को दी। परिजनों की रिपोर्ट पर बरगवा पुलिस ने बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मामला दर्ज कर लापता नाबालिक की तलाश शुरू की। जिसे कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस टीम ने सोमवार को दस्तयाब कर उसे परिजनों को सुपुर्द किया है। उक्त दस्तयाबी में थाना प्रभारी बरगवा निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा की पुलिस टीम से सहायक उपनिरीक्षक अनुज प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर फैन्सी ड्रेस एवं चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव 7 से 16 सितंबर तक बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। जिसमे विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे फैन्सी ड्रेस, नृत्य, शंखनाद चित्रकला प्रतियोगिता पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता, मूर्तिकला, गीत गायन प्रतियोगिता प्रश्नोत्री प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 0 8 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 3 तक एवं कक्षा 4 से कक्षा 08 एवं कक्षा 9 से ऊपर तक के बच्चों हेतु गणेश थीम पर आधारित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रात: 11 बजे से मंदिर प्रांगण में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में बच्चों ने गणेश भगवान जी की मनमोहक चित्र बनाकर अपनी-अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित की। साथ ही सायं 8 बजे से फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें ज्यादा संख्या में बच्चों नें विभिन्न परिधानों में सज संवरकर भाग लिया । इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा महाप्रबंधक संविदा एवं सामग्री डी के अग्रवाल, अन्य महाप्रबंधकगण पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें।

# नेशनल लोक अदालत के तैयारियो के संबंध में बैठक आयोजित

**सिंगरौली।** जिला अधिवक्ता संघ वैढन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर एन चंद की अध्यक्षता में आगामी 14 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक सिविल एवं राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों के निराकरण एवं लोक अदालत की सफलता के लिए समस्त अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।



बैठक में उपस्थित सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर सिंह राठौर ने सभी अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुये आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों को चिन्हित कर लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करवाने हेतु निवेदन किया। लोक अदालत के प्रभारी न्यायाधीश सुशील कुमार ने सभी अधिवक्ताओं से निवेदन करते हुये कहा कि समस्त अधिवक्ता अगर एक-एक प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करवाते हैं तो जिले में लंबित अधिकांश मामले स्वयं ही निराकृत हो जायेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आरएन चंद ने उपस्थित समस्त अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि बार एवं बेंच न्यायपालिका के दो स्तंभ हैं एवं दोनो के सहयोग से न्यायपालिका का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सकता है। श्री चंद ने कहा कि नेशनल लोक अदालत पर प्रकरण का निराकरण कराने वाले पक्षकारों में न कोई हारता है और न ही कोई जीतता है बल्कि दोनो पक्षकारों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण होता है जिससे वैमनस्य की भावना का अंत होता है। तथा उभयपक्ष खुशी-खुशी अपने घर को जाते हैं। अत: सभी अधिवक्ताओं से अपील है कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों को निराकरण करवाते हुये लोक अदालत को सफल बनायें। अध्यक्ष अधिवक्ता संघ बृजेन्द्र देव पाण्डेय ने भी समस्त अधिवक्ताओं से लोक अदालत की सफलता में अपनी सहभागी होने का निवेदन किया। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश आत्माराम टांकजिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, सचिव जिला अधिवक्ता संघ सुरेश कुमार जायसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता पीएन शर्मा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# 14 सितम्बर से 2 अक्टबर तक शहर से गांव तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान के 10 वी वर्षगाठ के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के सफल क्रियान्वन के लिए कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा जिले के अधिकारियो को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये है। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि अभियान के दौरान सफाई मित्रो का सम्मान सहित स्वास्थ्य परीक्षण के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियो को लाभ वितरण एवं मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया जाये। वही जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम के लिए नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त नोडल अधिकारी होगे। वही ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी होगे। नगर परिषद के लिए संबंधित बीएमओ नोडल अधिकारी होगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 14 सितम्बर को अभियान का शुभारंभ जिला स्तर ग्राम पंचायतो में किय जायेगा। जिसमें स्वच्छता ही सेवा की गतिविधियो से संस्थाओ और आम जन का जोड़ने का कार्य किया जायेगा। सर्वजनिक स्थलो पर स्वच्छता श्रमदान किया जायेगा। 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक जिले के विद्यालयो में स्वच्छता साफ-सफाई विषयो पर व्याख्यान निबंध चित्रकला, प्रतियोगिता, गीले एवं सूखे कचरे संबंधित चित्रकारी विद्यालयो में स्वच्छता हेतु नवाचारए स्वच्छता पर कविता स्वच्छता पोस्टर ब्लैक स्पाटो को चिन्हित कर साफ सफाई करना आदि प्रकार की गतिविधियां संचालित होगी।

# मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पात्र महिलाओं के खाते में राशि की अंतरित

## सीधी जिले की 2 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 26 करोड़ 25 लाख से अधिक की राशि डाली गई

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के सागर के बीना में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को रूपये 1574 करोड़ की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 332.43 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत सीधी जिले की 02 लाख 14 हजार 29 पात्र महिलाओं के खाते में प्रति महिला एक हजार 250 रूपये के मान से 26 करोड़ 25 लाख 5 हजार 250 रूपये की राशि अंतरित की गई। कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, महिला बाल विकास अधिकारी आर.सी. त्रिपाठी तथा लाड़ली बहनों द्वारा सहभागिता की गई।



मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिले में 02 लाख 14 हजार 29 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की गई है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अन्तर्गत जनपद पंचायत कुसमी में 17 हजार 813 महिलाओं, जनपद पंचायत मझौली में 29 हजार 902, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में 45 हजार 51, जनपद पंचायत सीधी में 55 हजार 626 तथा जनपद पंचायत सिहावल में 52 हजार 570 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के साथ ही नगरीय क्षेत्र की महिलाओं को भी लाभांवित किया गया। इसमें नगर पालिक सीधी में 6 हजार 270, नगर परिषद चुरहट में 2 हजार 481, नगर परिषद मझौली में 2 हजार 127 तथा नगर परिषद रामपुर नैकिन में 2 हजार 189 महिलाओं के खाते में 1250 रूपये प्रत्येक महिला के मान से राशि अंतरित की गई।

राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सीधी जिले के 1 लाख 4 हजार 666 पात्र हितग्राहियों के खाते में 6 करोड़ 27 लाख 99 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। जनपद पंचायत कुसमी के 7124, मझौली के 13097, रामपुर नैकिन के 21964, सीधी के 27984 एवं सिहावल के 27984 पात्र हितग्राहियों को 600 प्रति हितग्राही के मान से राशि अंतरित की गई। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत सीधी के 2459, मझौली के 1145, चुरहट के 1248 एवं रामपुर नैकिन के 1072 पात्र हितग्राहियों के खाते मे राशि अंतरित की गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 54217, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 12159, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्तजन योजना के 2294, मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना के 724, मंदबुद्धिध्बहुविकलांग को आर्थिक सहायता योजना के 1666, सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धा योजना के 9194, सामाजिक सुरक्षा पेंशन परित्यक्ता पेंशन योजना के 282, सामाजिक सुरक्षा पेंशन नि:शक्त पेंशन योजना के 7247, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता राशि के 2272, सामाजिक सुरक्षा पेंशन कल्याणी पेंशन योजना के 14603 एवं मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के 8 हितग्राहियों के खाते में 600 रूपये के मान से राशि अंतरित की गई।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना की राशि से अर्चना तिवारी को घर के खर्च चलाने में मिल रही मदद

**सीधी।** सीधी जिले के नगर पालिक परिषद् सीधी अंतर्गत वार्ड 24 निवासी लाड़ली बहना श्रीमती अर्चना तिवारी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत खाते में हर महीने 1250 रूपए की राशि आ रही है। उसे उन्होंने अपने गैस सिलेंडर भरवाने में उपयोग की और घर के अन्य खर्चे किराने का सामान मंगवाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं में एक-एक रूपये जोड़कर बचत करने की आदत होती है, मैं और मेरी जैसी अन्य महिलाएं जो गृहणी है, उन्हें अपनी बचत के लिए एवं अपनी जरूरतों के लिए पति पर ही निर्भर रहना होता है, लेकिन मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से मिलने वाले 1250 रूपए से हम जैसी महिलाओं को अपने एवं अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए अब अपने पति से पैसे नहीं मांगने पड़ रहे। उन्होंने कहा कि बहनों के लाड़ले भइया मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

पंचायत उप निर्वाचन 2024

## मतदान एवं मतगणन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल अधिकारी नियुक्त

**सीधी।** पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 के लिये मतदान दिनांक 11.09.2024 को प्रात: 7 बजे से सायं 3 बजे तक होगा। पंच पदों का मतदान मतपेटी द्वारा होगा। मतदान दलों को मतदान सामग्री खण्ड मुख्यालय से दिनांक 10.09.2024 को प्रात: 8 बजे से वितरण किया जावेगा तथा सामग्री वितरण उपरान्त मतदान दलों को उसी दिन मतदान केन्द्रों के लिए विशेष वाहन द्वारा प्रस्थान किया जावेगा। पंच पदों की मतगणना मतदान केन्द्र पर ही मतदान के तुरन्त बाद की जावेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा आदेश जारी कर मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री के वापसी एवं मतदान केन्द्रों पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने एवं निर्विघ्न रूप से मतदानध्मतगणना का कार्य सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों को सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सीधी के मतदान केन्द्र क्रमांक 108-पंचायत भवन चौफाल कोठार में पंच पद हेतु निवेदिता त्रिपाठी नायब तहसीलदार गोपद बनास को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा अंकित रस्तोगी सहायक यंत्री जनपद पंचायत सीधी को जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कुसमी के मतदान केन्द्र क्रमांक 43-बालक प्रा.शा. भवन भदौरा में पंच पद हेतु सोने सिंह धुर्वे नायब तहसीलदार कुसमी को सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा ज्ञानेन्द्र प्रसाद मिश्रा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी को जोनल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि जोनल अधिकारी निर्धारित मतदान केन्द्र भवनों का तत्काल निरीक्षण कर निरीक्षण प्रतिवेदन संबंधित तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफिसर को प्रस्तुत करेंगे तथा मतदान सामग्री वितरण दिनांक को नियत समय से एक घन्टे पूर्व सामग्री वितरण स्थल पर उपस्थित होवे तथा सम्पूर्ण मतदान एवं मतदान केन्द्रों पर होने वाली मतगणना कार्य को निर्विघ्न रूप से शांतिपूर्ण सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करेंगें।

## मानवाधिकार द्वारा परिचय पत्र वितरण और समीक्षा बैठक

**सीधी।** स्थानीय उच्च विश्राम गृह सीधी में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन जिला इकाई सीधी की परिचय पत्र वितरण एवं समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य आतिथ्य के रूप में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष एवं योग गुरु डॉ. अजय कुमार चौधरी द्वारा मानवाधिकार के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए मानव के अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई और योग से लाभ और जड़ी से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रमुख पौधों के बारे में बताया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश शैक्षणिक प्रमुख पी.एल. वर्मा द्वारा शिक्षा के अधिकार और शिक्षा के प्रचार प्रसार सहित शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव रजनीश कांत मिश्रा द्वारा मानवाधिकार एशोसियेशन के करणी कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश कल्याण सचिव राकेश मौर्य द्वारा कहा गया कि मानव अधिकारों की रक्षा करना ही मानवाधिकार है। जिसके लिए सभी को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ज्ञान होना अति आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति संरक्षण प्रमुख रामनाथ साकेत द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण का सही उपयोग करने और अपने अधिकारों के संरक्षण करने के विषय पर जानकारी प्रदान की गई गई। तथा बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष सीधी अविनाश सिंह द्वारा आये हुए सभी अतिथियो का स्वागत भाषण और माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया और जिला उपाध्यक्ष महेश प्रजापति द्वारा मंच का संचालन किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अरुण दुबे, विधि सचिव आलोक केसरी, विनय द्विवेदी, मीडिया सचिव श्यामसुंदर दास, मोहित वर्मा, रामेश्वर पांडेय, दिनेश कुमार बहेलिया, राजबहोर साहू, बुद्ध सेन साकेत, रमेश नामदेव, ज्ञानेंद्र सिंह, मनविश्राम साकेत, अतुल कुमार नामदेव, कपिल पैला जॉनी, दिवाकर सिंह चौहान, बाल्मीकि यादव, धीर शाह, अमरजीत पांडे सहित अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण कराए प्रशासन : बृजेंद्र

### किसानों की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता संघ ने सौंपा ज्ञापन

**सीधी।** जिले भर के किसानों की समस्याओं को देखते हुए आज जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ द्वारा जिला कलेक्टर को सात बिंदुओं का ज्ञापन सौंप कर विभिन्न मांग की गई है।

सौंपे गए ज्ञापन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि राजस्व न्यायालयो में प्रकरणों का त्वरित निराकरण नहीं हो रहा है जिससे काफी परेशानी हो रही है इसके अलावा अभिलेखागार में अभिलेखों की हेरा फेरी की जा रही है जिसकी जांच कराया जाना आवश्यक है। साथ ही जिला अभिलेखागार में अभिलेखों की सुरक्षा सुनिश्चित



किए जाने के साथ ही अभिलेखो की स्कैनिंग कराई जाए।

आगे कहा गया कि जिले के कई गांव के अधिकार अभिलेख के नक्शा गायब हैं उनकी द्वितीय प्रति से नक्शा अभिलेख तैयार कराया जाए साथ ही अभिलेखागार में जमा होने वाले प्रत्येक गांव के बंदोबस्त की सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने आगे कहा कि लोक सेवा केन्दो में मनमानी पैसे की वसूली की जा रही है जिससे आम जन एवं किसान काफी परेशान है नकल आवेदन पत्र भी निरस्त किए जा रहे हैं और पैसे भी वापस नहीं किये जा रहे हैं ऐसे में खुली लूट चल रही है। इसके अलावा अभिलेखागार से बिना वजह अभिलेख की उपलब्धता के बावजूद आवेदन पत्र के निरस्तीकरण और आमजन को अभिलेख की नकल न प्राप्त हो इसके लिए कोई ना कोई कारण की टीप लगाकर आवेदन पत्र निरस्त किए जा रहे हैं। जिसमें आम गरीब किसान पीड़ित व परेशान है। इसकी भी जांच कराई जाए तथा जो भी हेरा फेरी कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। अभिलेखागार में जो अति महत्वपूर्ण अभिलेख संरक्षित किए गए हैं। वह भी सुरक्षित नहीं बच पा रहे हैं क्योंकि अभिलेखागार की छत टपक रही है। अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह बघेल ने कहा कि अधिवक्ताओं की कोई समस्या नहीं है हम किसानों का आम जानकी समस्याओं के लिए विज्ञापन सौंप कर उसका निदान की मांग कर रहे हैं इस मौके पर अपर कलेक्टर राजेश साही ज्ञापन लेते हुए कहा कि शीघ्र ही इन समस्याओं का निदान कराया जाएगा, जिससे कि किसानों एवं आमजन को होने वाली परेशानी कम हो सके। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा कि यदि समय पर समस्याओं का निराकरण प्रशासन द्वारा नहीं किया जाता है तो जिले भर के अधिवक्ता अगला कदम उठाने के लिए तत्पर रहेंगे। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के विभिन्न पदाधिकारी व काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के पैसे से उर्मिला गुप्ता ने खरीदी सिलाई मशीन

सीधी

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि खाते में आने पर महिलाओं में अपार उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं लाड़ली बहना योजना की राशि निकालने बैंक हर महीने पहुंच रही हैं। नगरपालिका सीधी अंतर्गत वार्ड 01 की निवासी श्रीमती उर्मिला गुप्ता इस योजना का लाभ प्राप्त करके बहुत खुश हैं। उन्होंने बताया कि यह राशि सही समय पर उनके खाते में



आ जाती है। उन्होंने बताया कि इस लाड़ली बहना योजना से प्राप्त हो रही राशि को थोड़ा-थोड़ा बचाकर सिलाई मशीन खरीद ली हैं। अब सिलाई के पैसे से घर के खर्चे आसानी से चल जाते हैं। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना योजना से प्राप्त 1250 रुपये की राशि से अपने लिए आवश्यक सामग्री खरीदूगी।

उन्होंने कहा कि बहनों के लाड़ले भइया मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त करने और स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन करने के लिए उर्मिला ने मुख्यमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद दिया है।

## साई ज्योति पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षकों का प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन द्वारा किया गया सम्मान

**सीधी।** प्राइवेट स्कूल एसोसियेशन जिला सीधी द्वारा आयोजित शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह 8 सितंबर को रमा बल्देव पैलेस सीधी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंजू रामजी सिंह, जिलापंचायत अध्यक्ष, अध्यक्षता अजीत सिंह, प्रदेश अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि ज्ञान सिंह जिलाध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सीधी, इंद्रशरण सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भा.ज.पा., प्रदेश उपाध्यक्ष आर.डी. शर्मा, इंजी. आर.बी. सिंह जिलाध्यक्ष, प्रदेश संगठन महामंत्री शैलेश कुमार तिवारी, प्रदेश कोषाध्यक्ष, मोहन सिंह चौहान, जिलाध्यक्ष सिंगरौली, राजेश पटेल, संभागीय अध्यक्ष डा सुजय सिंह, रीवा जिलाध्यक्ष, आर.के. शर्मा, पन्ना जिलाध्यक्ष, राजेश कुमार यादव एवं सतना जिलाध्यक्ष ओ.पी. शर्मा की उपस्थिति में साई ज्योति पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल पनवार सीधी के शिक्षक बृजेश तिवारी, आकांक्षा सिंह एवं सचिव सुधांशु सिंह को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## लाड़ली बहना योजना की राशि को बच्चों की फीस और पोषण में खर्च कर रही हैं नीता रावत

**सीधी।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना सीधी जिले के महिलाओं के लिए भी संबल बनी है। योजना में प्रत्येक माह मिलने वाली 1250 रूपए की आर्थिक सहायता राशि से लाडली बहनें सशक्त होने के साथ ही परिवार का मजबूत सहारा साबित हुई हैं। योजना का लाभ प्राप्त कर महिलाओं ने परिवार की मुखिया का रूतबा भी हासिल किया है। नगर पालिका परिषद सीधी अन्तर्गत वार्ड 11 की श्रीमती नीता रावत प्रतिमाह मिलने वाली राशि का बच्चों की स्कूल फीस और उनके पोषण आहार के लिए उपयोग कर रही है। उन्होंने बताया कि हम पति-पत्नी दोनों लोग काम करते हैं और उससे मिलने वाली राशि से पारिवारिक जरूरतें पूरा कर लेती हैं और बचत भी कर लेती हैं। उन्होंने कहा कि जिले की अन्य लाडली बहनें भी सरकारी योजना से मिल रही सहायता से अपने सपने साकार कर रही हैं। जरूरतमंद महिलाओं के वरदान बनी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं ने महत्वाकांक्षी योजना के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार ज्ञापित कर धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, खाद्यान्न, आयुष्मान कार्ड का लाभ भी प्राप्त हुआ है।

मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में दिए निर्देश

## अभियान का 17 सितम्बर को समारोह पूर्वक शुभारंभ करें : मुख्य सचिव

**सीधी।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले अभियान की भलीभांति तैयारी कर लें। अभियान का 17 सितम्बर को समारोह पूर्वक शुभारंभ करें। इस समारोह में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से शामिल होने का अनुरोध करें। यह अभियान समग्र स्वच्छता अभियान से जुड़ा हुआ है। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करके हर व्यक्ति की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान में अन्य विभाग भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यालय परिसरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाएं। इसमें सामाजिक संगठनों और आमजनता की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। प्रमुख त्यौहारों, पर्वों और मेलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। रेल परियोजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भू अर्जन करके संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं जिससे निर्माण कार्यों में देरी न हो।

कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा सहित समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दी गई लोक अदालत के प्रचार रथ को हरी झंडी

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर सीधी एवं तहसील मुख्यालय चुरहट, मझौली तथा रामपुर नैकिन में दिनांक 14 सितंबर 2024 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री पाण्डेय ने नेशनल लोक अदालत के समुचित प्रचार-प्रसार हेतु दिनांक 09.09.2024 को प्रचार रथ को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मुकेश कुमार, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री विकास चौहान, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायाधीशगण श्री सोनू जैन, श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, श्रीमती सोनम शर्मा, श्री अभिषेक साहू, श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जिला न्यायालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्रचार रथ तथा पंप्लेट्स वितरण के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसके साथ ही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय



के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समस्त बैंक प्रबंधकों के साथ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र जोशी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव शाखा प्रबंधक लीड बैंक, श्री प्रतिमान मिश्र शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मेन ब्रांच, श्री विष्णु तिवारी शाख प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मेन ब्रांच, श्री ललन सिंह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गायत्री कॉम्प्लेक्स, श्री राजीव रंजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया कलेक्ट्रेट कैंपस सीधी उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पाँच किलो वाट तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी। इन प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 14.09.2024 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस, अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### ब्रिक्स एनएसए सम्मेलन में शामिल होने अजीत डोभाल जाएंगे रूस



नई दिल्ली, एजेंसी। ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) शिखर सम्मेलन अक्टूबर में कजान में रूस की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले, अजीत के. डोभाल अगले सप्ताह रूस का दौरा करेंगे। कहा जा रहा है कि इस दौरान रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर चर्चा होगी। सूत्रों के अनुसार, इस यात्रा के दौरान वह अपने चीनी समकक्ष के साथ बैठक भी कर सकते हैं। डोभाल के अपने रूसी समकक्ष और अन्य ब्रिक्स सदस्य देशों के प्रतिनिधियों संग अलग-अलग बैठक की भी संभावना है। इससे पहले उन्होंने 2023 में जोहान्सबर्ग में 13वीं ब्रिक्स एनएसए बैठक में भाग लिया था। पिछले वर्ष पांच नए सदस्य सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, ईरान, मिस्र और इथियोपिया को समूह में शामिल किया गया था। इसके बाद यह पहली ब्रिक्स एनएसए बैठक होगी। राष्ट्रपति पुतिन के साथ प्रधानमंत्री की फोन पर बातचीत के दौरान यह चर्चा हुई कि प्रधानमंत्री अपनी यूक्रेन यात्रा के बाद शांति से जुड़े विचारों पर चर्चा करने के लिए अपने एनएसए को रूस भेजेंगे। इसी के मद्देनजर एनएसए अजीत डोभाल रूस की यात्रा करेंगे। ब्रिक्स राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों की बैठक, ब्रिक्स राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस बैठक के तहत, राष्ट्रीय सुरक्षा पर उच्च प्रतिनिधि आतंकवाद, साइबर सुरक्षा, शांति और स्थिरता, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के साथ-साथ ब्रिक्स देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करते हैं। ब्रिक्स देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) सुरक्षा मुद्दों पर संवाद बढ़ाने और सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए 2009 से बैठक कर रहे हैं। ब्रिक्स देशों ने तेजी से आतंकवाद विरोधी रणनीति विकसित की है। इस रणनीति का उद्देश्य आतंकवाद विरोधी सहयोग के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करना और हिंसक आतंकवाद के खतरे को रोकने और उससे निपटने के वैश्विक प्रयासों में सार्थक योगदान देना है। बता दें कि 2020 में वैश्विक स्थिरता, साझा सुरक्षा और अभिनव विकास के लिए ब्रिक्स साझेदारी जैसे विषयों पर मंथन के लिए ब्रिक्स एनएसए की 10वीं बैठक आयोजित की गई थी। बैठक के दौरान, प्रतिभागियों ने वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आईसीटी के उपयोग में सुरक्षा से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया। एनएसए ने आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद, अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने के लिए ब्रिक्स के भीतर व्यावहारिक सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों पर भी चर्चा की।

### श्रीलंकाई नौसेना ने भारत के 14 मछुआरों को किया गिरफ्तार



चेन्नई, एजेंसी। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 14 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। नौसेना ने मछुआरों की नौकाओं को भी जब्त कर लिया। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद मछुआरों के परिवारों और स्थानीय लोगों ने तमिलनाडु के पुदुकोट्टई जिले के जेगथापट्टिनम में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि मछुआरों को शनिवार रात गिरफ्तार किया गया। मणिकांतन ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, हमारे भाइयों को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किया जा रहा है। जिससे अब मछली पकड़ने के लिए समुद्र में प्रवेश करने और अपनी आजीविका के नियमित साधनों को चलाने के बारे में मछुआरे चिंतित हैं। हमारे सामने गंभीर स्थिति पैदा हुई, लेकिन, राज्य और केंद्र सरकार ध्यान नहीं दे रही है। मछुआरों की तीन नौकाओं को श्रीलंकाई नौसेना द्वारा जब्त कर लिया गया था। भले ही मछुआरों को श्रीलंका में कुछ दिनों की न्यायिक हिरासत के बाद रिहा कर दिया जाए, लेकिन हमारी नौकाओं को नहीं छोड़ा जाएगा। आगे नौकाओं को लंका सरकार द्वारा जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 14 मछुआरों की गिरफ्तारी के विरोध में मछुआरे और उनके परिवार के सदस्य सड़कों पर बैठकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

### नेकां और कांग्रेस के बीच यह गठबंधन सिद्धांतों पर आधारित नहीं है : महबूबा मुफ्ती

जम्मू, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव पूर्व नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन को पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि नेकां और कांग्रेस के बीच यह गठबंधन सिद्धांतों पर आधारित नहीं है, बल्कि यह सत्ता साझा करने का एक समझौता मात्र है। अगर यह सिद्धांतों पर आधारित गठबंधन होता तो कोकरनाग कांग्रेस की सीट होती। नेकां ने यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ तो दी, लेकिन अपना उम्मीदवार निर्दलीय के रूप में मैदान में उतारा। अनंतनाग जिले के कोकरनाग विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली में महबूबा ने तंज कसा कि एक समय में नेकां ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सामाजिक बहिष्कार किया था। कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बेटियों को तलाक तक दे दिया गया।

# किसानों की बढ़ेगी आमदनी विदेश पर भी कम होगी निर्भरता



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार झारखंड और छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों और आदिवासी क्षेत्रों में दलहन की खेती (विशेष रूप से अरहर और उड़द) को प्रोत्साहित कर रही है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य दलहन के राष्ट्रीय उत्पादन को बढ़ाने के साथ किसानों की आय में वृद्धि करना है। यह एक तरह का पायलट प्रोजेक्ट है और अगर यह सफल रहता है तो इसका देशभर में विस्तार किया जाएगा। सरकार की इस पहल से दलहन के आयात पर भारत की निर्भरता कम हो सकती है। परियोजना के संचालन काम संभालने वाली भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने झारखंड में चार और छत्तीसगढ़ में पांच जिलों को चिह्नित किया है।

**इन जिलों को किया गया है शामिल :** एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चंद्रा ने बताया, हम झारखंड और छत्तीसगढ़ के चुनिंदा नक्सल प्रभावित और आदिवासी क्षेत्रों में इस खरीफ सीजन में अरहर और उड़द उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं। लक्षित जिलों में छत्तीसगढ़ का राजनंदगांव, जसपुर, बस्तर और मोहला मानपुर और झारखंड में पलामू, कटिहार, दुमका और गरवा शामिल हैं। चालू खरीफ सीजन के लिए संकर बीज वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को सहकारी समिति को अपनी उपज बेचने के लिए एनसीसीएफ के ई-संयुक्त पोर्टल पर पहले से पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। जो किसान तकनीक से इतना परिचित नहीं है, उनके लिए ऑफलाइन आवेदन उपलब्ध हैं। एनसीसीएफ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर दालों की खरीद करेगा, लेकिन अगर बाजार मूल्य एमएसपी से अधिक है तो किसान निजी व्यापारियों को बेच सकते हैं।

**आय में सुधार, आयात में भी आएगी कमी :** चंद्रा ने कहा, सुनिश्चित खरीद किसानों को खेती का विस्तार करने और अपनी आय में सुधार करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, जबकि भारत के दाल आयात को कम करने में मदद करेगी। सरकारी स्टॉक के लिए दालों की खरीद करने वाला एनसीसीएफ को इस पहल के माध्यम से अपने लक्ष्य की आधी मात्रा प्राप्त करने की उम्मीद है।

**17 लाख से अधिक पाम आयल पौधे लगाए गए :** राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन-आयल पाम के तहत चलाए गए अभियान के तहत विभिन्न राज्यों में 12,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 17 लाख से अधिक पाम आयल पौधे लगाए गए हैं। 15 जुलाई को शुरू किए गए इस अभियान ने देश में पाम आयल की खेती को बढ़ाने की दिशा में विभिन्न राज्य सरकारों और पाम आयल प्रोसेसिंग कंपनियों के सामूहिक प्रयासों को दिखाता है। 15 सितंबर, 2024 तक चलने वाले इस अभियान में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, केरल, ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित कई राज्यों से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई है। अगस्त 2021 में केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए खाद्य तेलों के लिए राष्ट्रीय मिशन-आयल पाम का उद्देश्य पाम आयल की खेती का विस्तार करना और कच्चे पाम तेल के उत्पादन को बढ़ावा देना है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता और नंबर एक वनस्पति तेल आयातक है और यह अपनी लगभग 60 प्रतिशत जरूरतों को आयात के माध्यम से पूरा करता है। इसका एक बड़ा हिस्सा पाम आयल और इसके डेरिवेटिव हैं, जिन्हें इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात किया जाता है।

## नक्सलवादियों का होगा खात्मा! छत्तीसगढ़ भेजे जाएंगे 4000 से ज्यादा सीआरपीएफ जवान



नई दिल्ली , एजेंसी। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर के सबसे अधिक नक्सल-हिंसा प्रभावित क्षेत्र में 4,000 से अधिक कर्मियों की चार और बटालियनें तैनात करने जा रहा है। यह देश को 31 मार्च 2026 तक पूरी तरह से नक्सलवाद से मुक्त करने की रणनीति का हिस्सा है। गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों रायगढ़ में कहा था कि नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में है और इसे खत्म करने के लिए कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। केंद्र नक्सलवाद (वामपंथी उग्रवाद) का खात्मा करने को प्रतिबद्ध है। बता दें कि वामपंथी उग्रवाद को कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा कहा जाता था। देश के सबसे बड़े बल ने छत्तीसगढ़ में इन चार बटालियनों समेत 40 बटालियन तैनात की हैं। साथ ही कोबरा के जवान भी तैनात किए हैं। इस साल सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं।आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि सीआरपीएफ ने झारखंड से तीन और बिहार से एक बटालियन को वापस बुलाया है और इन्हें छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है। इनकी तैनाती प्रदेश की राजधानी रायपुर से करीब 450 से 500 किलोमीटर दक्षिण स्थित बस्तर क्षेत्र में की जाएगी। सीआरपीएफ को देश में प्रमुख आंतरिक सुरक्षा और नक्सल विरोधी अभियान बल के तौर पर जाना जाता है। झारखंड एवं बिहार में नक्सली हिंसा की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और घटनाएं नगण्य हैं। इसलिए इन बटालियनों को वहां से हटाकर छत्तीसगढ़ में तैनात किया जा रहा है, जहां अब नक्सल विरोधी अभियान केंद्रित हैं। बता दें कि सीआरपीएफ की एक बटालियन में करीब 1,000 जवान होते हैं। सूत्रों ने बताया कि इन इकाइयों को दंतेवाड़ा और सुकमा के दूरदराज के जिलों और ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के साथ लगती सीमा पर तैनात किया जा रहा है।

## बजरंग पूनिया को कांग्रेस छोड़ने और जान से मारने के मिली धमकी

नईदिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस में हाल में शामिल हुए ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी मिली है जिसके बाद उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने बताया कि पूनिया को विदेशी नंबर से सोशल मीडिया मंच 'व्हाट्सऐप' पर धमकी दी गई है. पुलिस के मुताबिक, बजरंग को दी गई धमकी में लिखा है कि बजरंग कांग्रेस छोड़ दो वरना तेरे और तेरे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा. ये हमारा आखिरी संदेश है. बजरंग ने सोनीपत के बहालगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है. बजरंग पूनिया धमकी मामले की जांच में जुटी पुलिस सोनीपत एसपी रविंद्र सिंह ने बताया, बजरंग पुनिया ने बहालगढ़ थाने में शिकायत दी है कि उन्हें एक विदेशी नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला है. कानूनी कार्रवाई चल रही है. किसी अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी है, जांच चल रही है. हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया का राजनीति में प्रवेश हुआ है. दिल्ली में शुक्रवार को दोनों कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए. विनेश फोगाट को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जुलाना विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है. जबकि पुनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया. पुनिया ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता, जबकि विनेश फोगट पिछले महीने पेरिस में ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला पहलवान बनीं।

## गठबंधन की जीत के बाद मुख्यमंत्री नेशनल कांफ्रेंस का होगा लेकिन चुनाव के बाद होने वाली चीजों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता: तारिक हमीद करा

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद करा ने कहा कि विधानसभा चुनाव सिर्फ सरकार बनाने के लिए नहीं हैं बल्कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और विधानसभा को अधिकार देने के लिए भी हैं। उन्होंने कहा कि गठबंधन की जीत के बाद मुख्यमंत्री नेशनल कांफ्रेंस का होगा लेकिन चुनाव के बाद होने वाली चीजों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता। पीटीआई, श्रीनगर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी जम्मू-कश्मीर के प्रधान तारिक हमीद करा ने कहा कि विधानसभा का चुनाव सिर्फ सरकार बनाने जा रहे नेताओं को एडजेस्ट करने के लिए नहीं है, बल्कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने और विधानसभा को अधिकार देने व हमारी खोए हुए सामान को वापस लाने के लिए है।

गठबंधन के जीतने के बाद मुख्यमंत्री नेकां का होगा, संबंधी प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद होने वाली चीजों का हम पूर्वानुमान नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा कि नेशनल कांग्रेस जम्मू कश्मीर में सरकार बनाएगी और 90 विधानसभा सीटों में बहुमत हासिल करेगी। महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी इसमें बाधा नहीं बन सकती।

**गुलाम नबी आजाद की पार्टी का कोई भविष्य नहीं :** उन्होंने कहा कि गुलाम नबी आजाद की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी एक बंद मामला है और उसका कोई भविष्य नहीं है। मैं यह बात रिकॉर्ड पर कह सकता हूं कि यह एक बंद मामला है इस पार्टी का कोई भविष्य नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन में मुख्य सहयोगी है और इससे नतीजे पर पहुंचा जाए कि मुख्यमंत्री नेकां से होगा, इसके जवाब में करा ने कहा कि हमारा यह सहयोग चुनाव पूर्व गठबंधन है और जब परिणाम आएंगे तो पता चलेगा।

**बीजेपी ने पहले मान ली हार :** हम चीजों के बारे में भविष्यवाणी नहीं कर सकते जो चुनाव के बाद होनी है। जब उनसे पूछा गया कि आप मुख्यमंत्री की रेस में हैं तो उन्होंने कहा कि इस बारे में कुछ नहीं कह सकते। जम्मू कश्मीर में उपराज्यपाल को अधिक अधिकार दिए जाने पर उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने यह महसूस किया है कि उसकी सरकार नहीं बनने वाली है इसीलिए पहले ही उपराज्यपाल को अधिक अधिकार दे दिए गए। यह राजनीति से प्रेरित प्रयास था। जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करवाना मुख्य मुद्दा उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करवाना मुख्य मुद्दा है। यहां तक सरकार के अधिकारों को कम करने की बात है तो हम इसकी समीक्षा करेंगे और विधानसभा इस पर फैसला करेगी। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विकास आधारित मुद्दों पर नहीं है। उपराज्यपाल के नेतृत्व में भी विकास हुआ है। राज्यपाल के शासन के दौरान भी विकास हुआ है। यह अलग तरह का चुनाव है। आतंकवाद पर बोले- भारत सरकार की नाकामी जम्मू कश्मीर में सुरक्षा हालात पर तारिक हमीद करा ने कि भाजपा स्थिति सामान्य होने के दावे करती हैं लेकिन जमीन सतह पर की जानकारी सब को है। आतंकवाद कश्मीर से शिफ्ट होकर जम्मू में फैला है। यह भारत सरकार और स्थानीय प्रशासन की नाकामी है। पिछले कुछ महीनों से देखा गया है कि जम्मू संभाग में नुकसान हुआ है। यह एक शांतिपूर्ण क्षेत्र था सरकार को अपनी नाकामी की नैतिक जिम्मेदारी को स्वीकार करना चाहिए। चुनावी घोषणा पत्र में भाजपा के वायदों पर उन्होंने कहा कि वह कश्मीर के हालात को बेच रहे हैं लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

## राजस्थान के अरावली में दिखा दुर्लभ सफेद पूंछ वाले गिद्धों का झुंड



जयपुर, एजेंसी। बायना मिस्र और अरावली पहाड़ भारतीय गिद्धों के लिए जाना जाता है। हाल में अरावली में विश्व वन्यजीव कोष ने लगभग 20 गिद्धों को देखा है। दरअसल गिद्धों की गठना इसलिए किए जा रही है, क्योंकि इनकी संख्या लगातार पिछले कुछ वर्षों के भीतर तेजी से घटी है। ऐसे में सर्वे के जरिए ये जानने की कोशिश आखिर किन कारणों के चलते ऐसी स्थिति बनी है। अरावली में जिस गिद्ध को देखा गया वे बंगालेंसिस गिद्ध हैं, जिन्हें सफेद-पुच्छ वाले गिद्ध के रूप में जाना जाता है। उनमें से था जिन्हें देखा गया था। दरअसल,31 अगस्त को, वन्यजीवों के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ ने गिद्ध गणना 2024 शुरू की, एक राष्ट्रव्यापी नागरिक-विज्ञान पहल जिसे भारत की तेजी से घटती गिद्ध आबादी की निगरानी और संरक्षण के लिए डिजाइन किया गया है। कार्यक्रम पक्षी गणना भारत के सहयोग से चलाया जा रहा है। गिद्ध चूहों, चूहे और सांप जैसे कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में सहयोग करते हैं। भारतीय गिद्ध, जो अपने रेतीले भूरे रंग के शरीर, काले पंखों और पीले रंग के बिल के लिए जाना जाता है, भोजन की उपलब्धता कम होने, घोंसले के स्थानों के नुकसान और चट्टानों के पास होने वाली गड़बड़ी के कारण एक दुर्लभ दृश्य बन गया है। पिछले तीन सालों से बायना अरावली पहाड़ में इन पक्षियों का अध्ययन करने वाले एक स्थानीय संरक्षणकर्ता के अनुसार, यह क्षेत्र मिस्र और भारतीय गिद्धों के लिए उल्लेखनीय है, सर्दियों में हिमालयी गिद्धों के देखे जाने की सूचना भी मिली है। इस क्षेत्र में गिद्ध अक्टूबर में अपने प्रजनन काल शुरू करते हैं, नवंबर में जोड़ी बनाने की गतिविधियाँ होती हैं। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के प्रोजेक्ट ऑफिसर हेमेंद्र कुमार ने कहा कि इस दौरान प्रत्येक जोड़ी आमतौर पर केवल एक अंडा देती है। संरक्षणकर्ता ने ध्यान दिया कि गिद्ध ज्यादातर सूर्योदय और सूर्यास्त के आसपास दिखाई देते हैं। गिद्धों की गणना सूर्योदय के दौरान की जाती है क्योंकि कुछ भोजन के लिए पास के क्षेत्रों में जा सकते हैं और कई दिनों तक वापस नहीं आते हैं। गिद्धों की आबादी में कई कारकों के कारण उल्लेखनीय गिरावट देखी जा रही है।

उच्च तनाव वाले क्षेत्रों में मुख्य रूप से घोंसला बनाने वाले, इन गिद्धों को कृषि कीटनाशक के उपयोग, आवास क्षरण और अन्य पर्यावरणीय दबावों से खतरा है। लाशों को खाकर, गिद्ध वन्यजीवों, पशुधन और मनुष्यों को प्रभावित करने वाले रोगों के प्रसार को रोकते हैं। पशु शवों को विघटित करने में उनकी भूमिका पोषक तत्वों के चक्रण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। कुमार ने जोर दिया कि सार्वजनिक स्वास्थ्य को अब मानव चिंताओं से परे देखा जा रहा है क्योंकि जानवर और मनुष्य अक्सर एक ही बीमारियों को साझा करते हैं।

## दुष्यंत को टक्कर देंगे बृजेंद्र, श्रुति से भिड़ेंगे अनिरुद्ध; कांग्रेस ने 6 सीटों पर बदले उम्मीदवार



चंडीगढ़, एजेंसी। हरियाणा में पांच अक्टूबर को हो रहे विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। इसमें नौ उम्मीदवारों के नाम हैं। ऐसे में अब तक कांग्रेस ने 41 विधानसभा सीट पर अपने प्रत्याशी तय कर दिए हैं। कांग्रेस की 41 की सूची में जातिवार 12 जाट, 9 एससी, 9 ओबीसी, 4 पंजाबी, 3 ब्राह्मण, 3 मुस्लिम और एक सिख शामिल हैं। भाजपा ने 67 सीट पर उम्मीदवार घोषित कर रखे हैं। अब रविवार की सूची में कांग्रेस ने थानेसर से पूर्व विधानसभा स्पीकर एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा पर एक बार फिर से भरोसा जताया है। उचाना सीट से हिसार के पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह को टिकट दिया गया है। बृजेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे हैं। उचाना में जननायक जनता पार्टी के टिकट पर पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला चुनाव लड़ रहे हैं। बीरेंद्र सिंह और दुष्यंत चौटाला में पिछले काफी समय से तनातनी चली आ रही है। अब इस सीट पर मुकाबला रोचक हो गया है। गुरुग्राम सीट से कांग्रेस ने पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया का टिकट काट मोहित ग्रोवर को टिकट दिया है। कांग्रेस इससे पहले 32 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। कांग्रेस उम्मीदवारों की संख्या अब 41 हो गई है। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए कांग्रेस धीरे-धीरे अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर रही है। उसे डर है कि एक साथ सूची जारी होने से टिकट से वंचित बाकी दावेदारों में असंतोष पैदा हो सकता है। रविवार देर रात दूसरी सूची में कांग्रेस ने छह सीटों पर उम्मीदवार बदले हैं। गन्नौर विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा को दोबारा टिकट दिया है। बादशाहपुर में भाजपा ने पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री राव नरबीर को टिकट दिया है। निर्दलीय विधायक स्व. राकेश दौलताबाद की धर्मपत्नी कुमुदनी दौलताबाद के भी कांग्रेस का उम्मीदवार बनने की चर्चा थी, लेकिन अब माना जा रहा है कि कुमुदनी अपने पति की तरह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगी। भिवानी जिले की तोशाम विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने चार बार प्रदेश की कमान संभालने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बंसीलाल के पोते और क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रणबीर महेंद्रा के बेटे अनिरुद्ध चौधरी को चुनावी रण में उतारा है।

## असम में जमीनों के सौदों पर कड़े होंगें प्रतिबंध, अवैध शरणार्थियों के किया जाएगा बाहर: हिमंत बिस्व सरमा



गुवाहटी, एजेंसी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को घोषणा की कि उनकी सरकार उन चुनिंदा राजस्व वृत्तों में भूमि लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार कर रही है जहाँ केवल राज्य में 1951 से रहने वाले निवासियों को भूमि खरीदने या बेचने की अनुमति होगी। इस पहल का उद्देश्य आदिवासी लोगों के भूमि अधिकारों की रक्षा करना और पात्र भूमिहीन निवासियों को बसेरा उपलब्ध कराना है। सीएम सरमा ने यह घोषणा असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एक नागरिक-केंद्रित सेवा, ई-चिथा भूमि मूल्यांकन प्रमाणपत्र पोर्टल के शुभारंभ के दौरान की। उन्होंने कहा, हम उन राजस्व वृत्तों की पहचान करने की योजना बना रहे हैं जहाँ केवल उन व्यक्तियों द्वारा भूमि लेनदेन किया जा सकता है जिनके परिवार 1951 की मतदाता सूची या एनआरसी में सूचीबद्ध थे। कानून मार्च में पेश किए जाने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री ने अविभाजित गोलपारा जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग जैसे विशिष्ट समुदायों को लक्षित करने वाले इसी तरह के कानूनों का भी उल्लेख किया। इस जिले में वर्तमान में गोलपारा, धुबरी, बोंगाईगाँव, कोकराझार और दक्षिण सलमारा-मंकाचार जिले शामिल हैं। उन्होंने कहा, मिशन बसुंधरा के कार्यान्वयन के दौरान ऐसे कई कानून बनाए जाएंगे। सरमा ने कहा, हम एक महत्वपूर्ण दौर में काम कर रहे हैं। हमारे कार्य निर्धारित करेंगे कि क्या हम एक समुदाय के रूप में जीवित रह सकते हैं। मुख्य कृषि भूमि की सुरक्षा के लिए एक नया कानून भी पाइपलाइन में है। एक अन्य संशोधन सरकार की सहमति के बिना गैर-चाय उत्पादन उद्देश्यों के लिए चाय भूमि बेचना दंडनीय अपराध बनाता है। यह असम समझौते के खंड 6 पर न्यायमूर्ति बिप्लब सरमा समिति की रिपोर्ट के अनुरूप है। भूमि से संबंधित अन्य सुधारों पर चर्चा करते हुए, सरमा ने घोषणा की कि मिशन बसुंधरा 3.0 2 अक्टूबर को लॉन्च होगा। नया संस्करण अपने पूर्ववर्तियों से प्राप्त सबक को शामिल करेगा और पिछले संस्करणों के तहत अस्वीकृत आवेदनों का समाधान करेगा। 2 अक्टूबर, 2021 को लॉन्च किया गया पहला संस्करण, लगभग आठ लाख लोगों को लाभान्वित किया, जबकि 14 नवंबर, 2022 को शुरू किया गया दूसरा संस्करण, दो लाख से अधिक लाभार्थियों के पास था।

मिशन बसुंधरा 3.0 में मंदिर, नामघर, युवा क्लब और श्मशान भूमि शामिल होंगे-वे क्षेत्र जो पहले के संस्करणों में शामिल नहीं थे जो व्यक्तिगत भूमि बस्तियों पर केंद्रित थे। गैर-कैडस्ट्रल गांवों के सर्वेक्षण लगभग पूरे हो चुके हैं और इस संस्करण में शामिल होंगे।

सरमा ने राजस्व विभाग में समय पर मुद्दों के समाधान को सुनिश्चित करने के लिए एक एस्केलेशन मॉडल पेश किया। यदि एक अधिकारी द्वारा एक निश्चित समय सीमा के भीतर किसी मामले का समाधान नहीं किया जाता है, तो यह स्वचालित रूप से उच्च अधिकारी के पास चला जाएगा। उन्होंने कहा, सरकारी क्षेत्र में इस मॉडल को पेश करने में असम सबसे आगे है। ई-चिथा भूमि मूल्यांकन प्रमाणपत्र पोर्टल का उद्देश्य लोगों को भूमि स्वामित्व इतिहास की जाँच करने और रिकॉर्ड हेरफेर को रोकने की अनुमति देकर पारदर्शिता बढ़ाना है। इससे विशेष रूप से नई इकाइयाँ स्थापित करने वाले व्यापारिक घरों को लाभ होगा।

सरमा ने भूमि संबंधी प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी बनाने और अधिकारियों के कामकाज को कम करने के लिए उठाए जा रहे विभिन्न अन्य कदमों का उल्लेख करते हुए अपना भाषण समाप्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुक्केबाज दीपाली थापा बनीं पहली एशियाई स्कूली चैंपियन छात्रा, भारत ने जीते सात खिताब



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं। अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं। दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की।

भारत ने रविवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल ऐन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब जीते। युवा मुक्केबाज दीपाली थापा ने 33 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की एनेलीया ऑर्डाबेक को हराया और फाइनल में यूक्रेन की लियुडमिला वासिलचेंको पर हावी होकर खिताब जीतने के लिए बेहतर तकनीक और नियंत्रण का प्रदर्शन किया। इस खिताब को जीतने के बाद दीपाली पहली स्कूली चैंपियन छात्रा बनीं। अब भारत के नाम एशियाई चैंपियनशिप में सात महिला खिताब हो गए हैं। दीपाली के अलावा भूमि ने 35 किग्रा भार वर्ग में कजाकिस्तान की एस्सेल जालिमबेकोवा को हराकर जीत हासिल की। वहीं, निश्चल शर्मा ने यूक्रेन की मारिया मत्सिउरा पर रणनीतिक जीत के साथ 37 किग्रा वर्ग में भारत की तालिका में इजाफा किया। राखी ने 43 किग्रा वर्ग में यूक्रेन की वेरोनिका होलब को हराकर भारत को चौथी जीत दिलाई।

### पेरिस ओलंपिक में भारतीट बैडमिंटन टीम का बिना पदक लौटना चिंता का विषय :गोपीचंद पुलेला



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पैरिस ओलंपिक में भारतीय बैडमिंटन टीम के बिना पदक खाली हाथ लौटने पर भारतीय बैडमिंटन कोच फुलेला गोपीचंद ने कहा कि यह सही है कि पिछले तीन ओलंपिक में हमें मेडल मिला है, जिन्होंने इस बार मेडल नहीं आने पर इसको चिंता का विषय करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है।

ऐसे में उन्हें उम्मीद है कि भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया, साई और सरकार गहराई से इसके कारण जानेगी। आखिर क्यों पिछले दो ओलंपिक में मेडल आए थे। ताकि भविष्य में भारतीय बैडमिंटन आगे बढ़ सके। रविवार को शहर के सैक्टर-38 स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में नॉर्थ जोन बैडमिंटन चैंपियनशिप में मुख्य अतिथि के तौर पर आए भारतीय कोच ने मीडिया के साथ बातचीत में माना कि यह एक सिस्टम फेलियर हुआ है जो भी गलतियां हुई उसमें अकेले प्लेयर्स को जिम्मेदार ठहराना गलत होगा। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि हर गेम हर प्लेयर अलग होता है, हमारी बेहतर तरीके से तैयारी और फोकस होना चाहिए था। उन्हें उम्मीद है कि हम उन गलतियों पर काम करके आगे की राह तय करेंगे।

# इटली के जैनिक सिनर ने जीता यूएस ओपन

● दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता ● अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया



**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर यूएस ओपन का मेंस सिंगल्स टाइटल जीत लिया है। इटैलियन स्टार ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-4, 7-5 से हराया। वे साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बने हैं। वे ओवरऑल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। साल 2015 में फ्लाविया पैनेटा ने विमेंस सिंगल्स का टाइटल जीता था। 23 साल के सिनर ने करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल जीता है। उन्होंने साल 2024 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ओपन भी जीता था। सिनर के लिए यह साल शानदार रहा। सिनर ने जीत के बाद 𝕏 पर लिखा- शुक्रिया न्यूयॉर्क, 2 हफ्तों के शानदार प्रदर्शन के बाद यहां अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम जीतना विशेष रहा। समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद। आपका सपोर्ट बहुत मायने रखता है। मुझे यह खेल बहुत पसंद है। यह मेरे लिए सब कुछ है। साल के आखिर में काम पर वापस जाने से पहले अपनी टीम और अपने परिवार के साथ इस पल का आनंद लेने का समय आ गया है। काम कभी नहीं रुकता है, हम सभी आगे बढ़ते रहते हैं। 2 घंटे से ज्यादा चला मुकाबला न्यूयॉर्क में रविवार देर रात शुरु हुआ फाइनल मुकाबला 2 घंटे 16 मिनट तक चला। इसमें टॉप सीड सिनर का दबदबा देखने को मिला। उन्होंने पहले सेट को 6-3 से जीता। फिर दूसरे सेट को 6-4 से जीतते हुए बढ़त बनाई और आखिरी सेट को 7-5 से जीतते हुए मैच अपने नाम किया। 18 साल बाद फाइनल पहुंचा था अमेरिकी खिलाड़ी दूसरी ओर अमेरिका के टेलर फ्रिट्स पहला ग्रैंड स्लैम टाइटल जीतने से चूक गए।

18 साल बाद कोई अमेरिका का खिलाड़ी यूएस ओपन में मेंस सिंगल्स के फाइनल में पहुंचा था। उनसे पहले 2006 में एंडी रॉडिक ने यह कारनामा किया था। फ्रिट्ज के पास पहला ग्रैंड स्लैम जीतने का मौका था, लेकिन वे कामयाब नहीं पाए। साल 2003 के बाद से यूएस ओपन पुरुष सिंगल्स में अमेरिका का कोई खिलाड़ी खिताब को जीत नहीं पाया है। 10 लाख फैंस यूएस ओपन देखने पहुंच इस बार यूएस ओपन को देखने के लिए 10 लाख से ज्यादा फैंस मैच देखने स्टेडियम पहुंचे। फाइनल मैच के बाद यूएस ओपन के आयोजकों ने एक पोस्ट के जरिए बताया कि यूएस ओपन में मैदान पर मैच देखने वाले फैंस की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। पहली बार इतनी बड़ी संख्या में मैच देखने पहुंचे हैं।




**भारत-बांग्लादेश टेस्ट**

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए हुआ टीम इंडिया का ऐलान

● पंत-राहुल की हुई वापसी
● सरफराज खान को मिला मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ भारत को दो मैच की घरेलू टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है। इसकी शुरुआत 19 सितंबर से चेन्नई में होगी। इस टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए 8 सितंबर की रात टीम इंडिया का ऐलान किया गया। भारतीय टेस्ट टीम में 21 महीने बाद ऋषभ पंत की वापसी हुई। केएल राहुल को भी टीम का हिस्सा बनाया गया। रोहित शर्मा की कप्तानी में 16 सदस्यीय भारतीय टीम में सरफराज खान का भी नाम है।

बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले टेस्ट सीरीज के लिए विराट कोहली की भी भारतीय टीम में वापसी हुई है जो इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा व्यक्तिगत कारणों से नहीं थे। इस टीम में ऋषभ पंत बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज शामिल किए गए हैं जबकि बैकअप विकेटकीपर के रूप में ध्रुव जुरैल को टीम का हिस्सा बनाया गया है। रजत पाटीदार को टीम से बाहर कर दिया गया है।




### यश दयाल को पहली बार टेस्ट टीम में मिली जगह

इस टीम में तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और यश दयाल को चुना गया है जबकि आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव टीम में स्पिनर के रूप में मौजूद हैं। आकाश दीप ने दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले ही मैच में 9 विकेट लिए थे और उन्हें इसका इनाम मिला है और वो टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। उत्तर प्रदेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। यश दयाल को घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने का इनाम मिला है।

### पहले टेस्ट के लिए टीम इंडिया:

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरैल (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

# बजरंग पुनिया को व्हाट्सएप पर मिली जान से मारने की धमकी

*कांग्रेस छोड़ने को कहा, पुलिस में की शिकायत*

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता व भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने हाल ही में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी, लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। कांग्रेस ज्वाइन करने के बाद उन्हें किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया था। इन सारी बातों के बीच अब ऐसी खबरें सामने आई है कि बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी दी गई है। जानकारी के मुताबिक बजरंग पूनिया को व्हाट्सएप पर संदेश के जरिए जान से मारने की धमकी दी गई।



इस तरह की धमकी मिलने के बाद बजरंग पूनिया ने इसकी शिकायत बहालगढ़ पुलिस थाने में दर्ज कराई है और अब पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सोनीपत एसपी रविंद्र सिंह का कहना है कि बजरंग पुनिया ने बहालगढ़ थाने में शिकायत दी है कि उन्हें एक विदेशी नंबर से धमकी भरा मैसेज मिला है। कानूनी कार्रवाई चल रही है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने धमकी दी है और इसकी जांच की जा रही है। आपको बता दें कि बजरंग पूनिया कांग्रेस में शामिल होने के बाद बृजभूषण शरण सिंह को भी लगातार निशाना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी और बृजभूषण शरण सिंह की दिक्कत यही है कि हम कांग्रेस में शामिल हो गए। हम भाजपा में जाते तो देशभक्त कहलाते, लेकिन कांग्रेस में शामिल हुए तो वो हमें देशद्रोही बता रहे हैं।

बजरंग पूनिया ने कहा कि हम अपने नेता राहुल गांधी के पूरी तरह से साथ हैं जो हर वर्ग के लिए आवाज उठा रहे हैं। मैं एक किसान का बेटा हूं और एक एथलीट भी हूं।

पार्टी की तरफ से जो मुझे जिम्मेदारी दी गई है उसके बाद मैं किसानों की आवाज को बेहतर तरीके से उठा सकता हूं। इसके अलावा उन्होंने विनेश फोगाट के बारे में बात करते हुए कहा कि अगर विनेश को हराना आसान है तो हरियाणा के सीएम अपने लिए सुरक्षित सीट की तलाश क्यों कर रहे हैं। अगर उन्हें लगता है कि विनेश को कोई भी हरा सकता है तो उन्हें जुलाना से आकर चुनाव लड़ना चाहिए। जुलाना से चुनाव लड़ने के लिए उनका स्वागत है।

# रोनाल्डो के रिकॉर्ड 132वें गोल से जीता पुर्तगाल

**लंदन (एजेंसी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने फिर से साबित किया कि वह 39 वर्ष के होने के बावजूद पुर्तगाल के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं। इस स्टार स्ट्राइकर ने मध्यांतर के बाद स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा और 88वें मिनट में निर्णायक गोल किया। इससे पुर्तगाल ने नेशन्स कप फुटबॉल टूर्नामेंट में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया।



पांच बार वर्ष के विश्व में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का यह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 132वां गोल था जो विश्व रिकॉर्ड है। रोनाल्डो यूरोपीय चैंपियनशिप के पांच मैच में गोल नहीं कर पाए थे लेकिन पुर्तगाल के कोच रॉबर्ट मार्टिनेज ने इस दिग्गज खिलाड़ी पर भरोसा बनाए रखा और उनका यह फैसला सही साबित हो रहा है। गुरुवार को क्रोएशिया पर 2-1 की जीत में भी रोनाल्डो ने अहम भूमिका निभाई थी। इस मैच में उन्होंने क्लब और देश की तरफ से कुल मिलाकर अपने करियर का 900वां गोल किया था।

# ईस्ट दिल्ली राइडर्स बनी चैंपियन, रोमांचक फाइनल में आयुष बदोनी की टीम को 3 रन से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली प्रीमियर लीग के पहले सीजन का खिताब ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने अपने नाम कर लिया है. हिम्मत सिंह की कप्तानी वाली टीम ने रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में साउथ दिल्ली सुपर स्टार्स को 3 रन से हरा दिया. 184 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही साउथ दिल्ली की टीम अंतिम दो गेंदों पर चार रन नहीं बना पाई और वो खिताब जीतने से चूक गई.

काफी रोमांचक रहा फाइनल

दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा. ईस्ट दिल्ली की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाए. टीम के लिए मयंक रावत ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए 39 गेंद पर 7 चौके और 6 छक्के की मदद से 78 रन की तूफानी पारी खेली. साउथ दिल्ली इस लीग में शानदार फॉर्म में चल रही थी. फाइनल मुकाबले में माना जा रहा था कि वह ईस्ट दिल्ली द्वारा दिए गए 184 रन के लक्ष्य का पीछा कर लेगी. हालांकि आयुष बदोनी की टीम खिताबी मुकाबले में लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई और टारगेट से 3 रन दूर रह गई.

**डीपीएल 2024 फाईनल:**




आयुष बदोनी ने गेंद और बल्ले से किया निराश

पूरे टूर्नामेंट में साउथ दिल्ली की ओर से बल्ले से धमाल मचाने वाले कप्तान आयुष बदोनी का बल्ला फाइनल मुकाबले में फेल रहा. बदोनी खिताबी मुकाबले में सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए. इसके अलावा उनकी गेंदबाजी भी टीम की हार की वजह बनी. अंतिम ओवर में बॉलिंग करने आए बदोनी के ओवर में मयंक रावत ने पांच छक्के जड़ दिए, जिससे ईस्ट दिल्ली 183 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रही. हालांकि इससे पहले अपने पहले ओवर में बदोनी ने सिर्फ चार रन दिए थे. लेकिन उनका आखिरी ओवर टीम को महंगा पड़ गया.

बदोनी के अलावा प्रियांश आर्य का भी बल्ला खामोश रहा और वह 6 रन बनाकर आउट हुए. साउथ दिल्ली के लिए तेजस्वी दहिया ने सबसे शानदार बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंद पर 7 चौके और 4 छक्के की मदद से 68 रन बनाए. तेजस्वी जब तक क्रीज पर रहे साउथ दिल्ली की जीत की उम्मीद बनी रही. हालांकि वह टीम को फाइनल मुकाबले में जीत नहीं दिला पाए.

# ब्रैंडन मैकुलम बने तीनों फार्मेट में कोच, जोस बटलर को दिलाएंगे आनंदः मोइन अली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हरफनमौला खिलाड़ी मोइन अली का मानना है कि ब्रेंडन मैकुलम सफेद गेंद के लिए सही व्यक्ति हैं। मैथ्यू मॉट के बाहर जाने के बाद मैकुलम को इस भूमिका के लिए चुना गया था। वह अगले साल से इंग्लैंड के सभी प्रारूपों के कोच का कार्यभार संभालेंगे।

मोईन ने इस पर कहा कि मैकुलम अगर कोच बनेंगे तो इससे जोस बटलर को मदद मिलेगी। मोईन ने कहा कि जोस के पास बहुत कुछ है - कप्तान, कीपर, हमारा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज। मैकुलम उसे थोड़ा और आनंद




दिला सकता है। वह जोस बटलर के लिए महत्वपूर्ण है। यह पूछे जाने पर कि अगर मैकुलम और बेन स्टोक्स के नेतृत्व में उन्होंने अधिक टेस्ट क्रिकेट खेला होता तो क्या वह सफल होते, मोइन ने जवाब दिया- निश्चित रूप से। एक समय था, जब मैंने पहली बार 2021 में टेस्ट से संन्यास लिया था। मैं जिस तरह से खेल रहा था मुझे आनंद नहीं आ रहा था। यह उतना मजेदार नहीं था।

मुझे हमेशा नंबर 8 पर बल्लेबाजी करने में मजा नहीं आया। मुझे लगा कि मैं अपनी बल्लेबाजी बर्बाद कर रहा हूं। मोईन ने इंग्लैंड के लिए 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 मैच खेले, जिसमें उन्होंने सभी प्रारूपों में 6678 रन बनाने के अलावा 366 विकेट भी लिए। वह 2019 वनडे विश्व कप और 2022 टी20 विश्व कप विजेता भी हैं। मोईन ने 2019 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन को इंग्लैंड के क्रिकेटर के रूप में अपने समय में अब तक का सर्वश्रेष्ठ कप्तान बताया। उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं। मोर्गन्स उत्कृष्ट थे।

मुझे याद है कि उनके कप्तान बनने के तुरंत बाद मैं सीमा रेखा पर पकड़ा गया था। मैंने उनसे कहा-मुझे इसे एक बार मारना चाहिए था। उन्होंने कहा कि नहीं, अगली बार इसे मैदान से बाहर जाना होगा। मैंने सोचा ठीक है, यह लड़का दिलचस्प है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत बुरा लगता है अगर कोई कहता है कि यह मत करो या वह मत करो। वह खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्राप्त करने में उत्कृष्ट था।

# ओलंपिक में बॉक्सिंग के भविष्य पर खतरा...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वर्ल्ड बॉक्सिंग के अध्यक्ष बोरिस वैन डेर वॉर्स्ट ने आधुनिक तकनीक, खासकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , का इस्तेमाल कर मुक्केबाजी के स्कोरिंग सिस्टम को और पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने की प्रतिबद्धता जताई है. उन्होंने कहा कि यह कदम उस वक्त तक प्रभावी होगा जब तक इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी से उनकी संस्था को आधिकारिक मान्यता नहीं मिल जाती.



मौजूदा मुक्केबाजी स्कोरिंग सिस्टम पर अक्सर उसकी जटिलता, विवाद और पक्षपात के आरोप लगते हैं. खेल के दौरान कई बॉक्सर्स को खराब फैसलों का सामना करना पड़ा है और वे खुद को ठगा महसूस करते हैं. पिछले दशक में कई बदलावों के बावजूद, स्कोरिंग प्रक्रिया अब भी अपारदर्शी ही है.

निशांत देव की हार से बढ़ा विवाद

हाल ही में पेरिस ओलंपिक में भारत के निशांत देव को पुरुषों की 71 किग्रा क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जबकि उन्होंने मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया था. इस निर्णय के बाद बड़ी बहस और आक्रोश देखने को मिला था. बोरिस वैन डेर वॉर्स्ट ने एक विशेष इंटरव्यू में कहा, हम आधुनिक तकनीक जैसे एआई का उपयोग कर स्कोरिंग को पारदर्शी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं.

# वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम संपन्न

## एवरशाइन गार्डन में हुआ राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा सम्मेलन, नगर में निकाली गई विशाल वाहन रैली

पन्ना

वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती के उपलक्ष में 8 सितंबर 2024 को पन्ना नगर के एवरशाइन गार्डन में राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारा सम्मेलन का आयोजन हुआ, इसके बाद नगर में विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसका नगर में जगह-जगह जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुष्प वर्षा, आतिशबाजी, जलपान एवं शुल्पाहार से स्वागत किया गया,




कार्यक्रम में पन्ना के स्थानीय सामाजिक बंधुओं सहित अजयगढ़, पहाड़ीखेरा, गुनौर, पवई, रैपुरा सहित नागौद, बरौंधा, चंदला, बांदा क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोधी समाज एवं सर्व समाज के लोग शामिल हुए, कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती पर पूरे अगस्त माह एक पेड़ वीरांगना अवंती बाई के नाम महा अभियान के तहत पौधारोपण किया गया एवं 16 अगस्त को अलग-अलग संगठनों एवं व्यक्तियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए, इसके बाद 8 सितंबर को समस्त संगठनों एवं गणमान्य सामाजिक बंधुओं के द्वारा मिलकर पन्ना नगर के एवरशाइन गार्डन में राष्ट्रीय एकता भाईचारा सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वीरांगना अवंती बाई लोधी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया, इसके बाद अतिथियों का पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया एवं युवाओं के द्वारा नगर में विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें सैकड़ों बाइक सवार एवं पैदल युवा डीजे की धुन में नाचते गाते हुए पूरे शहर का भ्रमण करते हुए वापस एवरशाइन गार्डन पहुंचे जहां कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री कुसुम सिंह महदेले के द्वारा की गई, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं लोधी समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जालम सिंह लोधी उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में क्रांतिकारी नेता शंकर महतो, संध्या लोधी जिला पंचायत सदस्य, करण सिंह राजपूत पूर्व डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट, बाला प्रसाद लोधी सरपंच, उमा लोधी, ध्रुव सिंह लोधी, हरि सिंह ठाकुर, डॉ केपी राजपूत, देवेंद्र पाल वर्मा प्रधान, हिम्मत सिंह, गुलाब सिंह, देशपाल सिंह, श्रीराम लोधी, उदय चंद्र अज्ञानी, रामपाल सिंह, दिनेश लोधी, आनंद सिंगरौल, रामनरेश लोधी, रामशरण लोधी, राकेश लोधी शिक्षक, रामकिशोर अहिरवार, मुकेश गोंड़, डॉ मिहीलाल, शुभम सिंह राजपूत, दादूराम सिंह, विवेक सिंह लोधी, दयाशंकर लोधी, दिनेश लोधी, शिवकुमार सिंह, रोशन सिंह, रामखेलावन सिंह, जयपाल सिंह, कौशल किशोर लोधी, ओंकार सिंह लोधी दुर्गापुर, ओंकार सिंह लोधी देवगांव, महेंद्र सिंह, रामधाम सिंह, राम शरण सिंह, दीपू सिंह, दिनेश सिंह, वीरू लोधी, सोनेलाल प्रजापति, फूलचंद पहलवान, डॉ ओम प्रकाश सिंगरौल, रामचंद्र बीपी सिंह, बीएस राजपूत, शिवमोहन सिंह, श्रीलाल राजपूत, संतोष लोधी, शारदा प्रसाद सिंगरौल, लाला भैया, डॉ महेश प्रसाद, राजेंद्र सिंह लोधी, रूप सिंह लोधी, अखिलेश सिंह, रोशन सिंह, अवधेश लोधी धर्मेंद्र सिंह लोधी सहित हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु एवं सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जालम सिंह लोधी ने समाज को संगठित एवं जागरूक होने का संदेश दिया, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुश्री कुसुम सिंह महदेले ने लोधी समाज के साथ पक्षपात का आरोप लगाया, शंकर महतो के द्वारा वीरांगना के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके पद चिन्हों पर चलने की आवश्यकता बताई, रामखेलावन सिंह ने कहा कि लोधी समाज ने हमेशा देश और धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया है, आज भी चाहे देश की रक्षा में हो या देश के नवनिर्माण में हो लोधी समाज हमेशा आगे रहा है। मंच का संचालन रामखेलावन लोधी, राम शिरोमणि लोधी और चंद्रशेखर लोधी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के संयोजक संजय सिंह राजपूत के द्वारा किया गया।

# पुलिस द्वारा अपहृत 02 बालक, बालिकाओ को सकुशल दस्तयाब कर किया गया परिजनो के सुपुर्द

## अपहृत बालिका को वापस पाकर परिजनो के चेहरो पर लौटी मुस्कान

**पन्ना।** थाना शाहनगर के अप.क्र. 264/24 धारा 137(2) बी एन एस की अपहृता एवं अप.क्र. 262/24 धारा 137(2) बी.एन.एस मे अपहृत बालक को कटनी से पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया जाकर परिजनो के सुपुर्द किया गया है ।

मामलो में दिनांक 02.09.24 एवं 06.09.24 को अलग-अलग फरियादियो द्वारा थाना शाहनगर में रिपोर्ट की गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी नाबालिग बेटी/बेटा का अपहरण करके ले गया है । फरियादियों की रिपोर्ट पर थाना शाहनगर में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 262/24 एवं 264/24 धारा 137(2) बी एन एस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया ।

अपहरण के मामलो मे अधिक से अधिक दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साई.कृष्णा एस. थोटा द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व समस्त एस.डी.ओ.पी. पन्ना के मार्गदर्शन मे समस्त थानो मे थाना प्रभारियों के नेतृत्व मे टीमो का गठन किया गया है । उक्त मामलो मे थाना शाहनगर मे गठित पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक/बालिकओं के संबंध में जानकारी एकत्रित करने के प्रयास किये गये । अपहृत बालक/बालिकाओं की तलाश घर के आसपास एवं रिश्तेदारी में करने के उपरान्त मुखबिर सूचना के आधार पर दिनांक 07/09/24 को कटनी से दस्तयाब किया जाकर सकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया है । अपहृत बालक/बालिका के घर वापस आने पर परिजनो ने खुशी जाहिर करते हुये पुलिस टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।




उप. निरी. मेघा मिश्रा, सउनि अवधेस, सउनि भइयामन, प्र.आर. मोहन सिंह,आर, बृजेन्द्र पायक, रविन्द्र,दिनेश,राकेश,विनिमेश,विनोद डाबर,महिला आर, रश्मि एवं साइबर सेल टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# पर्चा ऐसा कि खुद लिखे, खुदा बांचे! मेडिकल स्टोर वाला भी नहीं पढ़ सका डॉक्टर का लिखा

**सतना।** धरती के भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर इन दिनों मरीज को इलाज के दौरान ऐसा पर्चा लिख रहे हैं कि उसे पढ़ने में मेडिकल स्टोर संचालक को तो छोड़िए डॉक्टरों के भी पसीने छूट रहे हैं। अब तो वायरल पर्चा देख दूसरे डॉक्टर भी यह कहने लगे हैं कि यह पर्चा जिन्होंने लिखा है वह खुद इसको पढ़ सकते हैं या खुदा ही पढ़ सकता है। संबंधित मामले में सतना सीएमएचओ ने डॉक्टर को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब मांगा है।

सतना के नागौद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक ऐसा ही ओपीडी का पर्चा इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रहा है। यह पर्चा नागौद समुदाइक स्वास्थ केंद्र की ओपीडी का है। जहां राहिकवारा निवासी अरविंद कुमार सेन ने शरीर में दर्द बुखार आने पर ड्यूटी डॉक्टर अमित सोनी से परामर्श लिया था। डॉक्टर ने ऐसा पर्चा लिख दिया, जिससे देख दवा वितरक सहित दूसरे डॉक्टर भी हैरान हो गए। वह सभी उस प्रिस्क्रिप्सन को पढ़ नहीं पाए।

पर्चा इंटरनेट मीडिया की सुर्खियां बन गया है, जिसके बाद अब सीएमएचओ ने संज्ञान लिया है। ड्यूटी डॉक्टर को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इस संबंध में डॉक्टर सोनी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि उन्होंने पर्चा में केवल दवाई और जांच लिखी है। उनसे पूछा कि यह कौन सी दवाइयां व कौन सी जांच है। यह बताने के पहले ही उन्होंने फोन कट कर दिया।

डॉ एलके तिवारी, सीएमएचओ सतना ने कहा कि इस तरह की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर डॉक्टर सोनी को नोटिस जारी कर 3 दिन के अंदर जवाब तलब किया गया है। जवाब मिलने पर पूरे मामले में डॉक्टर की गलती पाई जाती है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए कमिश्नर को लिखा जाएगा।

# कर्मचारियों का आनंदम सहयोगी आवासीय प्रशिक्षण संपन्न

**पन्ना।** पन्ना जिले के राजस्व, पंचायत एवं नगरीय प्रशासन विभाग के कर्मचारियों का तीन दिवसीय आवासीय आनंदम सहयोगी कार्यक्रम क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र नौगांव में रविवार को संपन्न हो गया। प्रशिक्षण समन्वयक लखन लाल असाटी के साथ प्रदीप महतो, आशा असाटी, वैदेही त्रिपाठी, रामकृपाल यादव, शिव नारायण पटेल ने अपने निजी जीवन में आए बदलाव को साझा करते हुए ऑडियो वीडियो क्लिप, छोटे-छोटे नाटक और गेम्स तथा विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों तक यह संदेश देने का प्रयास किया कि उनके सुख दुख का कारण कोई दूसरा नहीं वह खुद हैं।

कार्यक्रम में शनिवार को संपन्न रिलेशनशिप सेशन का असर यह हुआ कि अजयगढ़ की पंचायत मकरी के ग्राम रोजगार सहायक सुशील द्विवेदी दूसरे दिन की ट्रेनिंग संपन्न होने के बाद रातों-रात 151 किलोमीटर गाड़ी चलाकर घर पहुंचे और अपनी पत्नी से क्षमा मांग कर सुबह फिर नौगांव आकर तीसरे दिन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो गए। यहां रविवार की सुबह ढाई घंटे का मौन लेने के बाद उन्होंने बताया कि जब वह इस ट्रेनिंग के लिए घर से नौगांव रवाना हो रहे थे तब पत्नी द्वारा चाय देने में विलंब करने से वह उससे नाराज होकर चले आए थे, जिसका अहसास उन्हें प्रशिक्षण में हुआ, तब उन्होंने तुरंत क्षमा मांगने का निर्णय लिया और शाम का सत्र समाप्त होते ही उन्होंने बाइक से घर पहुंचकर पत्नी से क्षमा मांगी तथा बड़ी सुबह जब वह घर से नौगांव रवाना हो रहे थे, तब उन्होंने खुद पहले जाकर दो चाय बनाई और अपनी पत्नी के साथ बैठकर चाय पी। इसके लिए उन्हें 302 किलोमीटर गाड़ी चलानी पड़ी। पन्ना पटवारी भूपेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि अब जीवन में चाहे घर हो चाहे कार्यालय चाहे मित्र मंडली सभी जगह सौहार्दपूर्ण व्यवहार करूंगा अपने रिश्ते ठीक करूंगा। पटवारी वीरेंद्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि उन्होंने 18 साल मिलिट्री की सेवा की और 19 साल से पटवारी हैं, परंतु इस तरह की पहली ट्रेनिंग है, जहां उन्हें सच्ची आनंद की अनुभूति हुई है, अपनी खुद की वास्तविकता को समझा है और इस पर काम भी शुरू कर दिया है। पटवारी रहते हुए उन्होंने आज तक एक रूपए का भी कोई अनैतिक लेनदेन नहीं किया है। पटवारी रामबरन पटेल ने कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें आनंदित रहकर आदर्श जीवन जीने की कला सीखने मिली है, बहुत सी बुराइयों को त्यागने और कमियों को दूर करने का रास्ता मिला। इसके लिए वह मध्य प्रदेश शासन और इसके मुखिया मुख्यमंत्री जी के प्रति हृदय से कृतज्ञ हैं।

इसी तरह शाहपुरा के सहायक सचिव रामनारायण मिश्र ने कहा कि यहां जो सिखाया, वास्तव में जीवन का वही मुख्य उद्देश्य है, उन्होंने प्रशिक्षण सभा में ही जेब से गुटके निकाल कर उनका आजीवन त्याग कर दिया और कहा कि वह कभी गुटका नहीं खाएंगे, परिवार और कार्यस्थल में सामंजस्य के साथ काम करेंगे, अपने काम को बेहतर करेंगे। प्रतिभागियों ने कहा कि वह अपने अंदर का बवंडर देख पाए हैं, एक प्रतिभागी ने कहा कि उन्होंने फोन कर अपने अधिकारी को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने ऐसी महत्वपूर्ण ट्रेनिंग के लिए उन्हें नामांकित किया। नगर परिषद पवई के कार्यालय सहायक प्रदीप कुमार बाल्मीकि ने कहा कि अभी तक वह दूसरों की बुराइयां देखते थे, वे सारी बुराइयां अब उन्हें खुद में दिखाई देती हैं, पटवारी देवव्रत वर्मा ने कहा कि यहां आकर लगा कि अगर अल्पविराम नहीं लेते तो सेल्फ एसेसमेंट जैसे जीवन के महत्वपूर्ण कार्य से वंचित रह जाते।

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सर्पदंश से मीना बाई की मृत्यु के संबंध में दी जानकारी

पन्ना

शाहनगर तहसील अंतर्गत ग्राम मेहगवां बरहों निवासी सोने सिंह की पत्नी मीना बाई की गत दिवस सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी ने 38 वर्षीय मीना बाई के इलाज के संबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि 38 वर्षीया मीना बाई गत 6 सितम्बर को दोपहर लगभग 3 बजे घर पर घरेलू कार्य के दौरान सर्पदंश का शिकार हुईं। किसी सर्प द्वारा महिला को दायें हाथ की उंगली में काटा गया। महिला की उंगली से अत्यधिक खून का रिसाव होने पर परिजनों द्वारा गांव में ही लगभग डेढ़ घंटे तक झाड़ फूंक करवाई गई। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन ग्रामवासियों के सहयोग से महिला को मैहर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमदरा लेकर गए। यहां लगभग शाम 5 बजे पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा मरीज का परीक्षण कर मृत्यु होना पाया गया।

इस संबंध में परिजनों और स्थानीय निवासियों द्वारा बताया गया कि महिला के निवास स्थान से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कल्दा जिला पन्ना तक पक्की सड़क है। इसके बावजूद कल्दा की दूरी 25 किलोमीटर होने तथा गांव में नेटवर्क समस्या के कारण एंबुलेंस वाहन से कोई संपर्क नहीं किया गया और अपनी सुविधा अनुसार लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित मैहर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमदरा ले जाया गया। गांव से अमदरा पहुंच मार्ग सुगम नहीं है। कल्दा क्षेत्र का मेहगवां बरहों ग्राम पन्ना जिले की सीमा का अंतिम गांव है। इसके पश्चात मैहर जिले की सीमा प्रारंभ हो जाती है।

# प्राइवेट टीचर के घर का टूटा ताला, नकदी समेत आभूषण किए पार

**सतना।** उचेहरा थाना अंतर्गत सेमरी दुबे गांव में चोरों ने सूने घर का ताला तोडक़र नकदी समेत सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। पुलिस ने बताया कि उचेहरा की प्राइवेट स्कूल में शिक्षक प्रदीप सिंह परिहार पुत्र स्वर्गीय पुष्पेन्द्र सिंह निवासी सेमरी, अपने परिवार के साथ उचेहरा कस्बे में रहते हैं, जबकि उनके छोटे भाई संदीप सिंह गांव में निवासरत हैं।

शनिवार रात को किसी वजह से संदीप बड़े भाई के घर में न रुककर अपने कमरे में सो गए, जिसका फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने प्रदीप के कमरे का ताला तोड़ दिया और आलमारी, पेटी का सामान उलट-पलट कर 10 हजार नकदी और सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े।

# सिकमी व बंटाईदार किसान के पंजीयन के लिए अनुबंध जरूरी

**पन्ना।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन नीति शासन द्वारा जारी की गई है, जिसके तहत 19 सितंबर से 4 अक्टूबर 2024 तक किसानों का पंजीयन किया जाना है।

इस संबंध में अवगत कराया गया है कि सिकमी एवं बंटाईदार से संबंधित किसानों का पंजीयन मध्यप्रदेश भू-स्वामी एवं बंटाईदार के हितों का संरक्षण विधेयक 2016 की कंडिका 4 के तहत निर्धारित प्रारूप में निष्पादित अनुबंध के आधार पर ही किया जाएगा। तीन प्रति में अनुबंध निष्पादित करना आवश्यक है, जिसमें से एक प्रति तहसीलदार के समक्ष प्रस्तुत की जाएगी तथा एक-एक प्रति भूमि स्वामी एवं सिकमी बंटाईदार किसान के पास रहेगी। ऐसे किसानों का पंजीयन उपरांत शत प्रतिशत तहसीलदारों से सत्यापन की कार्यवाही भी की जाएगी।

# खेत जा रहे साइकिल सवार की रास्ते में थमी सांसें

**सतना।** कोठी थाना क्षेत्र के नैना गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 10 बजे सडक़ से लगे खेत में अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला, जिसकी साइकिल भी वहीं पर गिरी थी, जिसकी सूचना किसी ग्रामीण ने डायल 100 पर दी तो बीट प्रभारी फौरन मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गए, लेकिन काफी देर तक पहचान नहीं हो पाई। इसी बीच नैना समेत पड़ोसी गांव दिदौंध के रहवासी जब घटना स्थल पर आए, तब मृतक की शिनाख्त मटरु पुत्र शिवप्रसाद कुशवाहा 40 वर्ष, निवासी दिदौंध, के रूप में की गई। मृतक के परिजनों से पूछताछ में पता चला कि युवक साइकिल से खेत देखने की बात कहकर निकला था, उसे मिर्गी की बीमारी थी।

संभवत मेड़ की तरफ जाते समय दौरा पड़ने से साइकिल समेत खेत में भरे पानी में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के पश्चात शव घर वालों को सौंप दिया है।

# भारी पाइप के नीचे दबने से कर्मचारी ने दम तोड़ा

**सतना।** रामनगर थाना क्षेत्र के मनकहरी में भारी-भरकम पाइप के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नल-जल योजना के तहत क्षेत्र में एलएनटी कंपनी पाइप लाइन बिछाने का काम कर रही है, जिसमें संतोष पुत्र वीरेन्द्र दुबे 39 वर्ष, निवासी नवादा, जिला पूर्वी चंपारण (बिहार) भी काम कर रहा था।

रविवार दोपहर को लगभग 12 बजे जब ट्रक से क्रेन के जरिए पाइप उतारे जा रहे थे, तभी अचानक एक पाइप लुढक़कर संतोष के ऊपर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

# राजस्व अधिकारी जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण : कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। अधिकारियों को आम जनता के एवं हितग्राहीमूलक प्रकरणों का निराकरण भी निर्धारित समयावधि में करने के साथ जन समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व विभाग की प्रत्येक गतिविधियों में अपेक्षानुरूप प्रगति लाने के लिए कहा।

कलेक्टर ने बैठक में नामांतरण, सीमांकन व बंटवारा सहित राजस्व अभिलेख दुरूस्तीकरण व राजस्व महाअभियान 2.0 में क्रियान्वित गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली और नक्शा-तरमीम सहित समग्र ई-केवायसी कार्य सतत रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने किसान सम्मान निधि, खरीफ उपार्जन की तैयारी व खाद्यान्न वितरण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को भी लक्ष्य अनुरूप प्रगति लाने के लिए निर्देशित करने के संबंध में कहा। उन्होंने कहा कि आरसीएमएस की भांति ही साईबर तहसील के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जाए। किसी भी स्थिति में दस दिवस से अधिक प्रकरण लंबित न रहें। शासकीय विभागों के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों सहित टीएल, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण निराकरण तथा लोक सेवा गारंटी की सेवाओं के भी गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में निराकरण के लिए कहा। सभी राजस्व अधिकारियों को भू राजस्व संहिता के नवीन प्रावधान अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के जाति



प्रमाण पत्रों और न्यायालयीन मामलों का भी विधिवत निराकरण करें। भू अभिलेख के अमल व भू अर्जन अवार्ड सहित मुआवजा वितरण के लंबित मामलों की समीक्षा की। पन्ना-सतना एवं पन्ना-खजुराहो रेल लाइन के मुआवजा वितरण का कार्य भी गंभीरतापूर्वक निराकृत कर किसी समस्या पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि नोडल अधिकारी की उपस्थिति में हर माह निर्धारित दिवस पर अधिकाधिक हितग्राहियों को राशन का वितरण सुनिश्चित करें। प्रत्येक शासकीय उचित मूल्य दुकान पर समयावधि में खाद्यान्न का परिवहन भी सुनिश्चित किया जाए। हितग्राही के साथ खाद्यान्न वितरण के फोटो भेजने के निर्देश भी दिए। साथ ही निर्धारित तिथि पर अवकाश होने पर भी दुकान खोलकर खाद्यान्न वितरण के लिए कहा। इस संबंध में हितग्राहियों के मोबाइल सीडिंग सहित आधार व ई-केवायसी कार्य अविलंब संपादित कर पूर्ण करने और इस कार्य में लापरवाही पर संबंधित पीडीएस दुकान के विरूद्ध कार्यवाही के लिए कहा। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई की मॉनिटरिंग और अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम समय पर अनुमोदित कराने के लिए कहा। जिला कलेक्टर ने पन्ना नेशनल पार्क में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के दृष्टिगत पन्ना, अजयगढ़ एवं अमानगंज तहसील से सटे ग्रामों तथा कोर एवं बफर क्षेत्र में निर्धारित दूरी के मानक अनुसार आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। खरीफ उपार्जन एवं आगामी 19 सितम्बर से कृषक पंजीयन के दृष्टिगत ई-गिरदावरी कार्य समय पर पूर्ण करने, प्रतिदिन पंजीयन कार्य की निगरानी, सिकमी किसानों के पंजीयन संबंधी रिकार्ड संधारित करने सहित अधिकारियों को अपने कार्यालय में आवक-जावक कार्य की मॉनीटरिंग के निर्देश भी दिए। साथ ही वर्तमान में संचालित मतदाताओं के सत्यापन व मतदाता सूची के शुद्धीकरण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा। सेक्टर अधिकारियों के भ्रमण पश्चात मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण प्रस्ताव के आधार पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने बीएलओ द्वारा संपादित कार्य की सतत मॉनीटरिंग की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी लक्ष्य निर्धारण कर दायित्वों का निर्वहन और प्रगति का आंकलन करें। साथ ही सख्त हिदायत दी कि इस सप्ताह कार्य में लापरवाही बरतने वाले पटवारियों के विरूद्ध कार्यवाही व विभागीय जांच की कार्यवाही करें। शासन एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों पर नियमित रूप से स्वयं संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 10 सितम्बर 2024




उप मुख्यमंत्री ने संजय गांधी अस्पताल परिसर में कैंसर के इलाज के लिए स्थापित की जाने वाली लीनियर एक्सीलेटर मशीन हेतु बनाए जा रहे बंकर कार्य का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि तीव्र गति से कार्य को पूरा कराएं।



# रीवा में होगी अंग प्रत्यारोपण की सुविधा : उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने नेत्रदान दाताओं के परिजनों का किया सम्मान



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने 39वें नेत्रदान पखवाड़ा के समापन अवसर पर नेत्रदान दाताओं के परिजनों का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रीवा में नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य को खुशी फाउण्डेशन के सहयोग से किया जा रहा है। शीघ्र ही रीवा में अंग प्रत्यारोपण की सुविधा भी होगी ताकि मानव शरीर के आठ अंगों का ट्रांसप्लांट जरूरतमंद मरीजों में किया जा सके।

श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि खुशी फाउण्डेशन द्वारा नेत्रदान के लिए लोगों को समझाकर प्रेरित किया जा रहा है। यह संस्था सेतु का काम कर रही है, जिसका परिणाम है कि रीवा में स्थापित आईबैंक में इस वर्ष अभी तक 19 नेत्रदान हुए और वर्ष 2015 से स्थापित आईबैंक के माध्यम से अब तक 36 मरीज नेत्र ज्योति प्राप्त कर सके हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि लोगों को अंग प्रत्यारोपण के लिए भी समझाइश देने की जरूरत है ताकि अंग प्रत्यारोपण से गंभीर मरीज की जान बच सके। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि नेत्रदान करने वालों के परिजनों का गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सम्मान किया जाए साथ ही नेत्रदान करने वाले व्यक्ति का अंतिम संस्कार गार्ड ऑफ आनर देकर हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार के सम्मान समारोह से समाज में जागरूकता आती है और लोग नेत्रदान के लिए स्वेच्छा से आगे भी आएंगे। श्री शुक्ल ने कार्यक्रम में उपस्थित रामनरेश द्विवेदी की प्रसंशा की जिन्होंने अपने सम्पूर्ण अंग को दान करने का शपथ लिया है। श्री शुक्ल ने कहा कि रीवा मेडिकल हब बनने की ओर अग्रसर है। चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल व संजय गांधी चिकित्सालय में रिक्त पदों की पूर्ति प्राथमिकता से की जा रही है। उन्होंने रीवा को हर क्षेत्र में बेहतर बनाने के लिए लोगों से सहभागी होने का आहवान किया।

इस अवसर पर डीन डॉ सुनील अग्रवाल ने कहा कि रीवा का जनमानस सौभाग्यशाली है, जिन्हें उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल जैसे नेतृत्वकर्ता मिले हैं जो हमेशा रीवा एवं विन्ध्य क्षेत्र के विकास व चिकित्सा सुविधाओं में विस्तार के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने लोगों से नेत्रदान एवं अंगदान करने के लिए आगे आने का आहवान किया। इस अवसर पर पूर्व डीन डॉ पीसी द्विवेदी ने कहा कि महाविद्यालय का नेत्र विभाग प्रसंशनीय कार्य कर रहा है। आने वाली पीढ़ी इसे समझेगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अनुशासित व मरीज के प्रति संवेदनशील रहें। डॉ द्विवेदी ने रीवा में आईबैंक की स्थापना के संबंध में भी जानकारी दी तथा रीवा को नेत्रदान के मानचित्र में स्थापित करने के लिए खुशी फाउण्डेशन की प्रसंशा की।

## मतदान के लिए रहेगा अवकाश

**रीवा।** जिले में नगरीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों में चुनाव कराया जा रहा है। इसके लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगरीय निकाय में रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 तथा नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 में मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इसी तरह पंचायत राज संस्थाओं में 11 सितम्बर को जनपद पंचायत रीवा की ग्राम पंचायत सुमेदा के वार्ड क्रमांक 12 तथा गंगेव जनपद पंचायत की महमूदपुर ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 8 में मतदान कराया जाएगा। जनपद पंचायत जवा में जनपद सदस्य के लिए वार्ड क्रमांक 4 में शामिल ग्राम पंचायत वीरपुर, खाझा, चंपागढ़ और बड़ाछ के सभी वार्डों में मतदान होगा। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक होगा।

# मुख्यमंत्री ने 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों को जारी की 1574 करोड़ की राशि



रीवा जिले की 4.10 लाख लाड़ली बहनों के खाते में आई लाड़ली बहना की राशि

**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सागर जिले के बीना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक से लाड़ली बहना के 1.29 करोड़ बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 1574 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 55 लाख हितग्राहियों को 331.48 करोड़ रुपए की राशि भी जारी की।

रीवा जिले की लाड़ली बहना योजना की 4.10 लाख बहनों के खाते में मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की। प्रत्येक हितग्राही के बैंक खाते में 1250 रुपए की राशि अंतरित हुई। यह छोटी सी राशि महिलाओं के लिए बहुत बड़ा सहारा साबित हुई है। महिलाओं की छोटी-मोटी जरूरतों और परिवार की आवश्यकताओं को इससे आसानी से पूरा किया जा रहा है। इस राशि का उपयोग बहनें बचत के रूप में भी कर रही हैं। राज्य स्तरीय समारोह का जिले भर में सजीव प्रसारण दिखाया गया। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती प्रतिभा पाण्डेय तथा हितग्राहियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 सितम्बर तक किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए परीक्षा 18 जनवरी 2025 को होगी। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग भारत सरकार द्वारा संचालित नवोदय विद्यालय आवासीय विद्यालय हैं जहाँ निःशुल्क शिक्षा के साथ बालक-बालिकाओं के अलग-अलग छात्रावासों में निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थी जिस जिले का मूल निवासी है और शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उसी जिले में स्थित शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में शिक्षा ग्रहण कर रहा है वह पात्र होगा। प्रत्येक कक्षा में पूर्ण शैक्षणिक सत्र का अध्ययन कर रहे विद्यार्थी जो कक्षा 3 व 4 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा जन्मतिथि 31 जुलाई 2015 से एक मई 2023 के मध्य होनी चाहिए, प्रवेश ले सकते हैं।

## सीसीटीव्ही की निगरानी में रहेंगे स्ट्रांग रूम

**रीवा।** नगरीय निकायों तथा पंचायतराज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। मतदान में उपयोग की जाने वाली ईव्हीएम मशीनें मतदान के बाद निर्धारित स्ट्रांग रूम में रखी जाएंगी। इसके लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज रीवा, शासकीय उत्कृष्ट उमावि सिरमौर तथा जनपद पंचायत कार्यालय जवा में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि तीनों स्थानों पर सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी की जाएगी।

# जिले भर में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता सेवा अभियान

## सभी अधिकारी 18 और 19 सितम्बर को कार्यालयों की साफ-सफाई कराएं : कलेक्टर



**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक समग्र स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता सेवा अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत स्वच्छता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि स्वच्छता सेवा अभियान में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करें। सार्वजनिक स्थलों, शासकीय भवनों तथा कार्यालय परिसरों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। सभी कार्यालय प्रमुख 18 और 19 सितम्बर को अभियान चलाकर अपने कार्यालय परिसर तथा कार्यालय की साफ-सफाई एवं पुताई कराएं। कार्यालय के अनुपयोगी सामग्री का निष्पादन कराएं। कलेक्टर ने कहा कि कार्यालय को व्यवस्थित और साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी प्रयास करें। स्वच्छता सेवा अभियान के तहत 17 सितम्बर तथा 2 अक्टूबर को जिला स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं सभी ग्राम पंचायतों में समग्र स्वच्छता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित कराएं। सभी सीएमओ स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शिविर लगाकर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जाँच कराएं। सफाई कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण प्रदान करें। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत फरहत जैव ने स्वच्छता सेवा अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान की तैयारियों के लिए जिला स्तर पर बैठक आयोजित कर ली गई है।

विकासखण्ड स्तर पर सभी एसडीएम अभियान की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम दो स्थानों पर साफ-सफाई का कार्य कराया जाएगा। अभियान के दौरान स्वच्छता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़, विशेष ग्राम सभा, महिला सभा, नुक्कड़ नाटक तथा अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# जिले में 11.94 लाख व्यक्तियों को दी जाएगी कृमिनाशी दवा

## प्रत्येक लक्षित व्यक्ति को कृमिनाशी दवा अनिवार्य रूप से खिलाएं : कलेक्टर



**रीवा।** रीवा और मऊगंज जिले में 10 सितम्बर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। इन दोनों जिलों में 10 सितम्बर को 11 लाख 94 हजार 423 व्यक्तियों को कृमिनाशी दवा एलवेंडाजोल खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि कृमिनाशी दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग तथा शिक्षा विभाग मिलकर प्रयास करे। प्रत्येक लक्षित व्यक्ति को कृमिनाशी दवा अनिवार्य रूप से खिलाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी विकासखण्डों में दवाओं की उपलब्धता तथा वितरण सुनिश्चित करें। दवा खिलाने के लिए स्कूलों में विशेष शिविर लगाएं।

कलेक्टर ने कहा कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में आशा कार्यकर्ता तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों एवं महिलाओं को निर्धारित मात्रा में एलवेंडाजोल की दवा खिलाएं। इस पूरे अभियान में जिला और विकासखण्ड स्तर से दवा खिलाने की मॉनीटरिंग करें। सभी एसडीएम भी अभियान की निगरानी करें। दवा खिलाने के साथ-साथ निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन फीडिंग भी समय पर कराएं। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान एक से 19 साल तक के 9 लाख 60 हजार 352 बच्चों तथा 20 से 49 साल तक की 2 लाख 34 हजार 71 महिलाओं को एलवेंडाजोल दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। बीमार बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को दवा नहीं खिलाई जाएगी। सभी विकासखण्डों में पर्याप्त मात्रा में दवा भण्डारित कर दी गई है।

## मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले से शराब की बिक्री रहेगी प्रतिबंधित

**रीवा।** जिले में नगरीय निकायों में पार्षद के रिक्त पदों तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों में निर्धारित मतदान केन्द्रों में 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। नगरीय निकाय रीवा नगर निगम के वार्ड क्रमांक 5 एवं नगर परिषद सिरमौर के वार्ड क्रमांक 4 में 11 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है वहाँ मतदान समाप्त होने के 48 घण्टे पूर्व शराब की दुकानें बंद हो जाएंगी। मतदान पूरा होने तक इस क्षेत्र में शराब की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। जिन क्षेत्रों में मतदान होगा उनकी सीमा से तीन किलोमीटर की परिधि की शराब दुकानें मतदान समाप्ति के निर्धारित समय से 48 घण्टे पहले से बंद रखी जाएंगी। इसी तरह पंचायत राज संस्थाओं में जनपद पंचायत तथा ग्राम पंचायत के वार्डों में जहाँ मतदान होना है वहाँ मतदान के लिए 11 सितम्बर को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा।

## उप चुनाव में क्रिटिकल घटनाओं की होगी वीडियोग्राफी

**रीवा।** नगरीय निकायों तथा पंचायत राज संस्थाओं के रिक्त पदों में चुनाव के लिए 11 सितम्बर को मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान क्रिटिकल घटनाओं की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि निर्वाचन के लिए तैनात सभी रिटर्निंग आफीसरों को एक-एक वीडियोग्राफर, कैमरा तथा अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ तैनात किया गया है।

मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में दिए निर्देश

## अभियान का 17 सितम्बर को समारोह पूर्वक शुभारंभ करें : मुख्य सचिव

**रीवा।** प्रदेश की मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। कलेक्टर जिला स्तर पर आयोजित होने वाले अभियान की भलीभांति तैयारी कर लें। अभियान का 17 सितम्बर को समारोह पूर्वक शुभारंभ करें। इस समारोह में प्रभारी मंत्री, सांसद, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधियों से शामिल होने का अनुरोध करें। यह अभियान समग्र स्वच्छता अभियान से जुड़ा हुआ है। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करके हर व्यक्ति की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करें। अभियान में अन्य विभाग भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यालय परिसरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाएं। इसमें सामाजिक संगठनों और आमजनता की भी भागीदारी सुनिश्चित करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य सचिव ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। प्रमुख त्यौहारों, पर्वों और मेलों में सुरक्षा के उचित प्रबंध करें। रेल परियोजनाओं तथा अन्य महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों के लिए आवश्यक भू अर्जन करके संबंधित विभाग को उपलब्ध कराएं जिससे निर्माण कार्यों में देरी न हो। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केंद्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरव सोनवणे तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत फरहद जैव उपस्थित रहीं।

## लाड़ली बहना योजना वर्षा रजक के व्यूटी पार्लर व्यवसाय को संचालित करने में मददगार हुई

**रीवा।** शहर के रसिया मोहल्ले में रहने वाली वर्षा रजक ने शादी के बाद व्यूटी पार्लर का कोर्स किया था किन्तु पूंजी न होने के कारण वह अपना व्यवसाय नहीं प्रारंभ कर पाई। मुख्यमंत्री भैया ने लाड़ली बहना योजना से वर्षा के खाते में राशि देना प्रारंभ किया उससे वर्षा ने व्यूटी पार्लर से संबंधित सामान खरीदा और अपना व्यवसाय प्रारंभ कर दिया। वर्षा उन महिलाओं के घर जाकर व्यूटी पार्लर से संबंधित सेवायें देने लगी हैं जो महिलाएँ व्यूटी पार्लर नहीं जा सकतीं। वर्षा कहती हैं कि लाड़ली बहना योजना से मिलने वाली राशि मुझे अपने व्यवसाय के साथ ही बच्चों की पढ़ाई में भी मददगार हो रही है। वह ह्रदय से मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देती हैं जिन्होंने हम महिलाओं को सक्षम बनाया और हम समर्थवान बनें।

# लंबित शिकायतों का निराकरण न होने पर रूकेगी वेतन वृद्धि : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों का भलीभांति अध्ययन करके सही जवाब दर्ज कराएं। इससे आधे से अधिक शिकायतों का निराकरण हो जाएगा। संतुष्टिपूर्वक शिकायतों का निराकरण करके विभाग की ग्रेडिंग में सुधार करें। सीएम हेल्पलाइन की 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। सभी 50 दिन से अधिक लंबित शिकायतों का 50 प्रतिशत सात दिवस में निराकृत कराएं। लंबित शिकायतों का निराकरण न होने पर जिम्मेदारी तय करके अधिकारियों की वेतन वृद्धि रोकी जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि अभी भी पीएचई, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, विद्युत मण्डल, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा लोक निर्माण विभाग में बड़ी संख्या में शिकायतें लंबित हैं। इनका निराकरण कर ऑनलाइन प्रतिवेदन दर्ज कराएं। एसडीएम तत्परता से कार्यवाही कर जन्म तथा मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित सभी शिकायतों का निराकरण कराएं। कलेक्टर ने कहा कि 23 से 28 सितम्बर तक विकासखण्डों में दिव्यांगों के स्वास्थ्य जाँच के निःशुल्क शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में दिव्यांगों की जाँच की जाएगी। जाँच के बाद पात्र पाए जाने पर उन्हें निःशुल्क कृत्रिम उपकरण प्रदान किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दिव्यांग शिविरों में मेडिकल बोर्ड की उपस्थिति सुनिश्चित करें। सभी एसडीएम दिव्यांग जाँच शिविर के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत तथा नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से आमजनता तक शिविरों की जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांग इनका लाभ उठा सकें।

बैठक में कलेक्टर ने आगामी फसल के लिए खाद की उपलब्धता, फसलों में कीट प्रबंधन, उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की निगरानी तथा पेयजल स्रोतों के शुद्धिकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में सड़कों के सुधार, निराश्रित गौवंश को सड़कों से हटाने तथा स्वच्छता अभियान के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, सहायक कलेक्टर प्रपंज आर, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, एसडीएम जवा पीयूष भट्ट एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833